दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली शनिवार 20 जून -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 177 पेज - 08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3


## 20-21 जून को पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे प्रधानमंत्री मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 20-21 जून 2026 को पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे। 20 जून को दोपहर लगभग 3:45 बजे, प्रधानमंत्री हुगली जिले के तारकेश्वर में पश्चिम बंगाल दिवस समारोह में भाग लेंगे। वे पश्चिम बंगाल में कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे, उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे और उनकी आधारशिला रखेंगे। वे इस अवसर पर सभा को भी संबोधित करेंगे। 21 जून को सुबह लगभग 6:30 बजे प्रधानमंत्री कोलकाता में आयोजित होने वाले 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भाग लेंगे। वे इस अवसर पर सभा को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात, सुबह लगभग 9:15 बजे, प्रधानमंत्री कोलकाता के श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह पर स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित तीन नौसैनिक जहाजों-आईएनएस दूनागिरी, आईएनएस संशोधक और आईएनएस अग्रय का शुभारंभ करेंगे।

# राख हुए कारोबार, मगर उम्मीद अभी बाकी है

# गोविंदपुरम बाबा मार्केट अग्निकांड के बाद मलबे पर बिखरा दर्द

करंट क्राइम ग्राउंड रिपोर्ट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सोमवार 15 जून की रात घड़ी ने जैसे ही 11:30 बजे का समय पार किया, गोविंदपुरम की बाबा मार्केट में रोज की तरह कारोबार बंद हो चुका था। दुकानदार अपने-अपने घरों को लौट चुके थे। बाजार की रोशनी धीरे-धीरे सन्नाटे में बदल रही थी। तभी अचानक बाजार के बीचों-बीच अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने देखा कि बिजली के खंभे के आसपास चिंगारियां उठ रही हैं। कुछ ही देर में आग की लपटें आसमान को छूने लगीं। देखते ही देखते आग एक दुकान से दूसरी और फिर तीसरी दुकान तक पहुंच गई। जब तक दमकल विभाग को सूचना मिली और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची, तब तक बाबा मार्केट का एक हिस्सा आग की भयावह लपटों में घिर चुका था। आग इतनी विकराल थी कि दूर-दूर तक धुएं का गुबार दिखाई दे रहा था। स्थानीय लोगों के अनुसार रात लगभग 12:30 बजे दमकल और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं और करीब दो से तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग में छह दुकानें बुरी तरह जल गईं और करोड़ों रुपये का सामान राख में तब्दील हो गया। दुकानदारों द्वारा प्रशासन को दिए गए प्रार्थना पत्र में लगभग 2 करोड़ 68 लाख रुपये की क्षति का दावा किया गया है। शुक्रवार को जब **दैनिक करंट क्राइम की टीम समाचार संपादक दीपक भाटी, वरिष्ठ संवाददाता गौरव शशि नारायण, फोटो जर्नलिस्ट वरुण लाहौरिया** मौके पर पहुंचे तो वहां आग की लपटें नहीं थीं, लेकिन उनके निशान हर तरफ दिखाई दे रहे थे। जले हुए शटर, काली पड़ चुकी दीवारें, मुड़े हुए लोहे के ढांचे और राख में बदला सामान इस बात की गवाही दे रहा था कि कुछ दिन पहले यहां कैसी तबाही आई होगी।

## राहत की आस में टकटकी लगाए हैं व्यापारी








## 'न दुकान बची, न सामान लेकिन बाजार की देनदारी जस की तस'













**करंट क्राइम।** सबसे अधिक दर्द उन चेहरों पर दिखाई दिया जिनकी रोजी-रोटी इसी बाजार से जुड़ी थी। राहुल मित्तल की श्री बाला जी कम्युनिकेशन दुकान आज भी राख और मलबे के बीच खड़ी है। राहुल बताते हैं कि हर साल की तरह इस बार भी सीजन को देखते हुए उन्होंने बाजार से उधार पर माल उठाया था। करीब 12 लाख रुपये का मोबाइल और एक्सेसरीज का स्टॉक दुकान में रखा था। आग ने कुछ ही मिनटों में सब कुछ खत्म कर दिया।

अब न दुकान बची, न सामान बचा। लेकिन बाजार की देनदारी जस की तस खड़ी है। राहुल की कहानी अकेली नहीं है। विकास चंद की अग्रवाल स्वीट्स एंड कन्फेक्शनर्स, हरिओम अंकित गर्ग की महा गणेश ट्रेडर्स, मुकेश कुमार सिंघल की सिंघल स्वीट हाउस, रेखा मित्तल की फेस्टिवल सीजन्स और राजेश की अंकित डेयरी एंड स्वीट्स भी इस अग्निकांड में बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। किसी की वर्षों की पूंजी जल गई, किसी का सीजन का पूरा स्टॉक खत्म हो गया और किसी के सामने परिवार चलाने का संकट खड़ा हो गया।

घटना के बाद सांसद अतुल गर्ग, विधायक संजीव शर्मा और व्यापारी नेता अनिल अग्रवाल सवारिया मौके पर पहुंचे। सभी ने पीड़ित व्यापारियों को हरसंभव सहायता का भरोसा दिया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अभिषेक गर्ग भी पहुंचे और प्रभावित परिवारों की आर्थिक मदद की मांग को प्रमुखता से उठाया। बाजार के कई व्यापारियों के बीच आज भी इस बात की चर्चा सुनाई देती है कि नुकसान की भरपाई को लेकर अभिषेक गर्ग ने खुलकर आवाज उठाई।

उधर पीड़ित व्यापारियों ने उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को भी पत्र भेजकर आर्थिक सहायता की मांग की है। अब निगाहें शासन और प्रशासन पर टिकी हैं।

व्यापारी उम्मीद लगाए बैठे हैं कि नुकसान का आकलन कर उन्हें राहत प्रदान की जाएगी, जिससे वे दोबारा अपने पैरों पर खड़े हो सकें।

इस पूरे घटनाक्रम के बीच एक तस्वीर लोगों का ध्यान खींच रही है। जिन दुकानों में अब सिर्फ मलबा और जले हुए ढांचे बचे हैं, वहां बिजली विभाग ने नए मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्थानीय व्यापारी इसे सकारात्मक संकेत मान रहे हैं। उनका कहना है कि जब व्यवस्था दोबारा बिजली कनेक्शन देने की तैयारी कर रही है तो इसका अर्थ है कि बाजार को फिर से खड़ा करने की उम्मीद अभी खत्म नहीं हुई है। व्यापारियों का मानना है कि पुनर्निर्माण की शुरूआत छोटी ही सही, लेकिन कहीं न कहीं से तो होगी। हालांकि व्यापारियों के बीच एक सवाल भी लगातार गूंज रहा है। शहर में अनेक व्यापारिक संगठन हैं, बड़े-बड़े मंच हैं, मजबूत नेटवर्क हैं। ऐसे में क्या इस विपत्ति की घड़ी में व्यापारिक समाज एकजुट होकर इन परिवारों के पुनर्वास के लिए आगे आएगा? क्या शहर का व्यापारी वर्ग अपने साथियों के लिए सहायता कोष बनाएगा? यह सवाल अब बाजार की गलियों से निकलकर पूरे शहर के सामने खड़ा है।

गोविंदपुरम बाबा मार्केट की राख अभी पूरी तरह ठंडी नहीं हुई है। जले हुए शटरों के पीछे सिर्फ दुकानें नहीं, कई परिवारों की उम्मीदें दबी हुई हैं। लेकिन इन व्यापारियों की आंखों में अभी भी एक उम्मीद दिखाई देती है- कि शायद सरकार, समाज, व्यापारी संगठन और जनप्रतिनिधि मिलकर उनके जीवन की बुझी हुई लौ को फिर से जला दें।

## दुकानें जलीं, कारोबार उजड़ा, परिवार टूटे बाबा मार्केट का दर्द देख नम हुई हर आंख, 27 साल की मेहनत राख





व्यापारियों से घटना की जानकारी लेते करंट क्राइम के संमाचार संपादक दीपक भाटी और वरिष्ठ संवाददाता गौरव शशि नारायण

गाजियाबाद, करंट क्राइम : गोविंदपुरम स्थित बाबा मार्केट में लगी भीषण आग के चार दिन बाद भी कारोबारियों के चेहरों पर मायूसी और निराशा साफ दिखाई दे रही है। कभी ग्राहकों की भीड़ से गुलजार रहने वाली यह मार्केट अब दर्द, नुकसान और भविष्य की चिंता का केंद्र बन गई है। आग ने कई प्रतिष्ठित दुकानों को अपनी चपेट में लेकर लाखों रुपये की संपत्ति को राख में बदल दिया। सबसे अधिक नुकसान राहुल मित्तल के परिवार को हुआ है। उनकी मोबाइल शॉप और भवन में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया। इसके अलावा अग्रवाल स्वीट्स के विकास अग्रवाल, महागणेश ट्रेडर्स, सिंगला स्वीट्स के मुकेश सिंघल, बाबा कम्युनिकेशन, राखी फैशन और अंकित डेयरी सहित कई अन्य प्रतिष्ठानों को भी भारी क्षति पहुंची है। व्यापारी सुरक्षा फोरम टुडे के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने बताया कि वैश्य समाज पीड़ित व्यापारियों की मदद के लिए आगे आया है। समाज के सदस्यों से एक-एक हजार रुपये का सहयोग एकत्र किया जा रहा है, जिससे राहुल मित्तल सहित अन्य प्रभावित व्यापारियों को दोबारा कारोबार शुरू करने में सहायता मिल सके। सूत्रों के अनुसार व्यापार मंडल और बाबा मार्केट के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर पीड़ित व्यापारियों की स्थिति से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से भी भेंट की। इसके बाद जिलाधिकारी ने एडीएम फाइनेंस को राहत कोष से सहायता उपलब्ध कराने की संभावनाओं पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### वैश्य समाज बना सहारा, पीड़ित व्यापारियों के लिए शुरू हुआ सहयोग अभियान

करंट क्राइम : बाबा मार्केट अग्निकांड के बाद वैश्य समाज और विभिन्न व्यापारी संगठन प्रभावित परिवारों की मदद के लिए आगे आए हैं। व्यापारी सुरक्षा फोरम टुडे के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने बताया कि समाज के लोगों से स्वैच्छिक सहयोग राशि एकत्र की जा रही है। प्रत्येक परिवार से कम से कम एक हजार रुपये का योगदान देने की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि यह केवल आर्थिक नुकसान की भरपाई का मामला नहीं है, बल्कि उन परिवारों को दोबारा खड़ा करने का प्रयास है जिनकी वर्षों की मेहनत कुछ घंटों में राख हो गई। समाज के वरिष्ठ लोग राहत सामग्री, नकद सहायता और आवश्यक संसाधन जुटाने में लगे हुए हैं ताकि प्रभावित दुकानदार जल्द से जल्द अपना कारोबार फिर शुरू कर सकें।

### विधायक अजीत पाल त्यागी बोले-व्यापारियों को दिलाएंगे हर संभव मदद



करंट क्राइम : मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने शुक्रवार को बाबा मार्केट पहुंचकर आग से प्रभावित व्यापारियों का हालचाल जाना। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों का करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है, उन्हें अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। प्रशासन और शासन स्तर पर बातचीत कर राहत, मुआवजा और अन्य सरकारी सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। विधायक ने भरोसा दिलाया कि प्रभावित व्यापारियों की आवाज सरकार तक मजबूती से पहुंचाई जाएगी।

## सब कुछ जल गया, अब परिवार कैसे चलेगा, राहुल मित्तल के परिवार का दर्द




करंट क्राइम : अग्निकांड का सबसे बड़ा झटका राहुल मित्तल के परिवार को लगा है। उनकी दो मंजिला दुकान में मोबाइल शॉप के साथ बड़ी मात्रा में व्यापारिक सामान रखा था। रक्षाबंधन के सीजन को देखते हुए करीब 12 लाख रुपये का राखियों और गिफ्ट आइटम का स्टॉक भी मंगाया गया था, जो पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। राहुल मित्तल की पत्नी पूनम मित्तल भावुक होकर कहती हैं कि दुकान की एक-एक पाई राख हो गई है। परिवार में बुजुर्ग माता-पिता, दो छोटी बेटियां और अन्य सदस्य हैं। अब सबसे बड़ी चिंता परिवार के भरण-पोषण और बच्चों के भविष्य की है। घटना के बाद से पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

## 27 साल की मेहनत राख, 19 कर्मचारियों के भविष्य की चिंता




करंट क्राइम : अंकित डेयरी के संचालक अंकित शर्मा के लिए यह हादसा केवल आर्थिक नुकसान नहीं बल्कि जीवनभर की कमाई पर लगा गहरा आघात है। उन्होंने बताया कि करीब 27 वर्ष पहले बेहद छोटे स्तर से कारोबार शुरू किया था और लगातार मेहनत के बाद आज इस मुकाम तक पहुंचे थे। आग ने कुछ ही घंटों में वर्षों की मेहनत को राख में बदल दिया। उनकी दुकान पर 19 कर्मचारी काम करते हैं। अब उन्हें अपने नुकसान के साथ-साथ कर्मचारियों के वेतन और उनके परिवारों की चिंता भी सता रही है। उनकी आंखों में कारोबार के नुकसान से ज्यादा उन लोगों की फिक्र दिखाई दी जो इस दुकान से जुड़े हुए हैं।

## व्यापारियों को दिलवाएंगे न्याय : बालकिशन गुप्ता



करंट क्राइम : व्यापारी नेता बालकिशन गुप्ता ने कहा है कि गोविंदपुरम स्थित बाबा मार्केट में हुई भीषण आग की घटना से प्रभावित व्यापारियों को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जिलाधिकारी को पत्र सौंपकर व्यापारियों की समस्याओं और नुकसान की जानकारी दी गई थी। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों को घटना की जांच करने व प्रभावित व्यापारियों को उचित मुआवजा दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बालकिशन गुप्ता ने कहा कि आग से कई व्यापारियों की आजीविका प्रभावित हुई है, इसलिए उन्हें आर्थिक सहायता और राहत मिलना जरूरी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रभावित व्यापारियों के हितों की रक्षा करते हुए उन्हें न्याय एवं आर्थिक मदद अवश्य दिलाई जाएगी।

## व्यापारियों के साथ खड़ा है समाज, जुटाई जाएगी बड़ी आर्थिक मदद : अनिल सांवरिया



करंट क्राइम : व्यापारी नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता अनिल कुमार सांवरिया का कहना है कि बाबा मार्केट की घटना ने पूरे वैश्य समाज और व्यापारिक समुदाय को झकझोर दिया है। उन्होंने कहा कि यह केवल कुछ दुकानों का नुकसान नहीं, बल्कि कई परिवारों की आजीविका पर संकट है। इसी कारण विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और व्यापारिक संगठनों को जोड़कर एक व्यापक सहायता अभियान शुरू करने की तैयारी की जा रही है। जरूरत पड़ने पर बड़े स्तर पर आर्थिक सहयोग जुटाकर प्रभावित परिवारों को पुन: स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा।

## सपा नेता अभिषेक गर्ग ने दिया हरसंभव सहयोग का भरोसा



करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी के नेता अभिषेक गर्ग ने बाबा मार्केट पहुंचकर पीड़ित व्यापारियों और परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने नुकसान का जायजा लेते हुए प्रभावित परिवारों को हरसंभव आर्थिक और सामाजिक सहायता का भरोसा दिया। अभिषेक गर्ग ने कहा कि इतनी बड़ी त्रासदी के बाद समाज और जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि वे पीड़ित परिवारों के साथ खड़े रहें। उन्होंने आश्वासन दिया कि जरूरत पड़ने पर प्रशासनिक स्तर पर भी उनकी समस्याओं को उठाया जाएगा। आर्थिक मदद के साथ ही आगे भी साथ देंगे।

## आग की भयावहता का गवाह बना झुलसा हुआ पीपल का पेड़

करंट क्राइम : बाबा मार्केट में लगी आग कितनी भीषण थी, इसका अंदाजा बाजार के बीच स्थित दशकों पुराने विशाल पीपल के पेड़ को देखकर लगाया जा सकता है। आग की तेज लपटों और भीषण गर्मी से पेड़ का बड़ा हिस्सा झुलस गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पेड़ वर्षों से बाजार की पहचान रहा है और सैकड़ों दुकानदारों व ग्राहकों का साक्षी रहा है। अब उसका झुलसा हुआ स्वरूप उस भयावह रात की दर्दनाक कहानी बयां कर रहा है, जब कुछ ही घंटों में पूरा बाजार तबाही की चपेट में आ गया।





# शादी के मंडप में बगावत

## ‘अब समझौता नहीं, सम्मान ही प्राथमिकता’




**कड़ा फैसला**

**स्वाभिमानी बेटियों के सख्त हैं तेवर, दूल्हों के उड़े होश**

**फतेहपुर।** फतेहपुर जिले में दूल्हे और बरातियों की नागवार हरकतें उन पर भारी पड़ रही हैं। पूरे तामझाम के साथ पहुंची बरात में दूल्हे या परिजन की ओर से शुरू किए गए विवाद के बाद दुल्हनें शादी से इन्कार कर दे रही हैं। युवतियों अपने जीवन साथी के चुनाव को लेकर काफी सजग हैं। वह ऐन मौके पर कड़ा फैसला लेने में पीछे नहीं हट रही हैं।

इस सहालग में 10 ऐसे मामले सामने आए। जहां माता-पिता संकोचवश कुछ कह नहीं पाए। लेकिन बेटियों ने सख्त कदम उठाकर साबित किया कि उन्हें, नशेड़ी, बीमारी से ग्रसित और दहेज का लालची वर नहीं चाहिए। वह ऐसे परिवार में जाना चाहतीं है, जहां उनका और उनके माता-पिता का सम्मान ताजिंदगी बना रहे।

**युवतियों अपने जीवन साथी के चुनाव को लेकर काफी सजग हैं**

**नजीर- एक: पालतू कुत्ते के भौंकने पर चले लात-घूंसे**

18 फरवरी को खागा कस्बे में सुबह करीब चार बजे दुल्हन को जेवर चढ़ाने की रस्म चल रही थी। तभी दुल्हन के पालतू कुत्ते के भौंकने पर वर पक्ष की ओर से किसी ने लात मार दी। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच लात-घूंसे चले और दुल्हन ने शादी तोड़ दी। दूल्हा फूट-फूटकर रोता रहा, फिर भी दुल्हन नहीं मानी। जबकि दोनों दो साल से रिलेशन में थे। कोर्ट मैरिज का रजिस्ट्रेशन भी करा चुके थे। हालांकि, शादी टूटने के चार दिन बाद दुल्हन अपने घर प्रयागराज से दूल्हे के पास पहुंच गई।

**नजीर- दो: बताया था इंटर पास पर हिंदी भी न पढ़ पाया दूल्हा**

बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 28 अप्रैल को शादी की रस्में चल रही थीं। लड़की पक्ष को बताया गया था कि लड़का इंटर पास है और शहर में अच्छी नौकरी करता है। जयमाल के बाद दुल्हन की सहेलियों ने मजाक-मजाक में दूल्हे को मोबाइल पर आया हिंदी का मैसेज पढ़ने को दिया। जिसे दूल्हा अटक-अटक कर भी नहीं पढ़ पाया। इसके बाद 500 के कुछ नोट गिनने को कहे। वह उसमें भी गलती कर बैठा। दुल्हन को जैसे ही पता चला कि दूल्हा अनपढ़ है, उसने मंडप छोड़ दिया और फेरे लेने से इन्कार कर दिया। लड़के वालों ने माफी मांगी, लेकिन लड़की का कहना था कि जो रिश्ता झूठ से शुरू हो। वह आगे नहीं चल सकता।

**नजीर- तीन: फॉर्च्यूनर की जताई ख्वाहिश, दुल्हन ने बरात लौटाई**

12 मई को सदर कोतवाली के मैरिज हाल में जयमाल के बाद ऐन वक्त पर वर पक्ष ने फॉर्च्यूनर की मांग कर दी। लड़की के पिता ने हैसियत के मुताबिक दूल्हे को सेडान कार दी थी। जयमाल की रस्म खत्म होने के बाद दूल्हे के पिता और भाइयों ने कार की चाबी लेने से इन्कार कर दिया। दूल्हे पक्ष की इस हरकत को देखकर दुल्हन ने अपना जोड़ा बदला।

# यूपीः अलनीनो के चलते प्रदेश में मंडरा रहा कम बारिश का खतरा

## 2015 जैसा पड़ सकता है आंशिक सूखा, जून में कम बारिश से फसलों पर पड़ेगा असर

**मौसम**

**इस वर्ष जून से सितंबर के दौरान सामान्य से कम वर्षा होने के संकेत मिल रहे**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आमतौर पर 18 जून तक मानसून दस्तक दे देता है, लेकिन इस बार प्रदेश के मानसून पर अलनीनो का साया गहराता जा रहा है। मौसम विभाग का आकलन है कि इस बार मानसून की दस्तक में कम से कम एक सप्ताह या उससे अधिक की देरी हो सकती है। वहीं इस वर्ष जून से सितंबर के दौरान सामान्य से कम वर्षा होने के संकेत मिल रहे हैं।

क्षेत्रीय मौसम विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक प्रदेश में इस बार बारिश औसत के 90 प्रतिशत से भी कम रह सकती है। इतना ही नहीं, यूपी में जून में सामान्य वर्षा की तुलना में 50 प्रतिशत से भी कम बारिश होने की संभावना है।




लखनऊ के विशेषज्ञ डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंह के मुताबिक जून के शुरूआती दिनों में होने वाली बारिश कई खरीफ फसलों के लिए बेहद महत्वपूर्ण होती है। ऐसे में लौकी, करेला, तोरई, भिंडी और ग्वार फली जैसी हरी सब्जियों के साथ-साथ अरहर, मक्का और बाजरा जैसी फसलों की बुआई और उत्पादन प्रभावित हो सकता है।

वैज्ञानिकों के अनुसार, इस वर्ष उत्तर प्रदेश में अलनीनो का प्रभाव वर्ष 2015 जैसी स्थिति पैदा कर सकता है। भारतीय मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 2015 में जून से सितंबर के दौरान देश में सामान्य से केवल 86 से 91 प्रतिशत वर्षा दर्ज हुई थी। कम बारिश से धान और मक्का जैसी खरीफ फसलें प्रभावित हुई थीं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर असर पड़ा और खाद्य महंगाई बढ़ी थी। प्रदेश ही नहीं देश भर में इस बार मानसून की गति शुरूआती दौर में ही ऐसी थम गई हैं कि 15 जून तक देश के 703 जिलों में से महज 103 जिलों में ही सामान्य बारिश हो पाई है। इस बार अभी अकेले महाराष्ट्र में ही 74 फीसदी कम बारिश हुई है।

# दान चोरी विवाद के बीच सीएम योगी ने किया अयोध्या का दौरा

**दौरा**

**मुख्यमंत्री रामलला के दर्शन कर श्रद्धालुओं और संत समाज से जुड़ाव का संदेश देंगे**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित अयोध्या दौरे से पहले राम मंदिर से जुड़ी व्यवस्थाओं को लेकर जारी एक प्रशासनिक निर्देश चर्चा का विषय बन गया है। जिला प्रशासन की ओर से जारी सुरक्षा एवं प्रोटोकॉल कार्यक्रम में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय से मुख्यमंत्री के दर्शन-पूजन कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के लिए एक अधिकृत प्रतिनिधि नामित करने का अनुरोध किया गया है।

मुख्यमंत्री का रामलला के दर्शन-पूजन का कार्यक्रम तय है। इसके लिए ट्रस्ट की ओर से किसी प्रतिनिधि का नाम और संपर्क विवरण ड्यूटी मजिस्ट्रेट को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पूजन और प्रोटोकॉल संबंधी तैयारियों का समन्वय समय से पूरा किया जा सके। प्रशासनिक स्तर पर इसे सामान्य व्यवस्था बताया जा रहा है, लेकिन राम मंदिर दान राशि गड़बड़ी प्रकरण की एसआईटी जांच के बीच इस निर्देश ने कई तरह की चचाओं को जन्म दे दिया है। सूत्रों के अनुसार, हाल के दिनों में सामने आए घटनाक्रमों के बाद शासन और प्रशासन राम मंदिर से जुड़े प्रत्येक पहलू को अत्यंत सतर्कता के साथ देख रहे हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में महासचिव की प्रत्यक्ष भूमिका न होने को लेकर राजनीतिक और सामाजिक हलकों में अलग-अलग अर्थ निकाले जा रहे हैं।




**मुख्यमंत्री के राम मंदिर प्रवास के दौरान चंपत राय प्रमुख भूमिका में दिखाई नहीं देते हैं, तो इसे जांच प्रक्रिया के बीच एक महत्वपूर्ण संदेश के रूप में देखा जाएगा। इससे यह संकेत जा सकता है कि सरकार दानराशि गड़बड़ी प्रकरण की जांच को पूरी गंभीरता से ले रही है।**

**दूरी से एक संकेत देने की कोशिशः** यदि मुख्यमंत्री के राम मंदिर प्रवास के दौरान चंपत राय सार्वजनिक रूप से प्रमुख भूमिका में दिखाई नहीं देते हैं, तो इसे जांच प्रक्रिया के बीच एक महत्वपूर्ण संदेश के रूप में देखा जाएगा। इससे यह संकेत जा सकता है कि सरकार दानराशि गड़बड़ी प्रकरण की जांच को पूरी गंभीरता से ले रही है और जांच पूरी होने तक किसी भी व्यक्ति के पक्ष या विपक्ष में खड़े होने की बजाय संस्थागत प्रक्रिया को प्राथमिकता दे रही है।

यह संदेश भी जा सकता है कि सरकार मंदिर की आस्था और विवादों को अलग-अलग रखकर देखना चाहती है। एक ओर मुख्यमंत्री रामलला के दर्शन कर श्रद्धालुओं और संत समाज से जुड़ाव का संदेश देंगे, वहीं दूसरी ओर विवादों के केंद्र में रहे व्यक्तियों से औपचारिक दूरी बनाए रखकर पारदर्शिता और जवाबदेही पर जोर देते दिखाई देंगे।

# मंदिर के चढ़ावे में चोरी कब से हो रही कह पाना मुश्किल : नृपेंद्र मिश्र

## ‘चंपत राय की निष्ठा पर सवाल नहीं’




**दान विवाद**

**निर्देश हैं कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए, गिनती करने वालों को बिना पॉकेट वाले कपड़े पहनने चाहिए**

**लखनऊ।** दान को लेकर पादर्शिता रखनी चाहिए। इसका हिसाब किताब रोजाना वेबसाइट पर उपलब्ध होना चाहिए। चढ़ावे में चोरी कब से हो रही थी, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है। स्पष्ट निर्देश हैं कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए। गिनती करने वालों को बिना पॉकेट वाले कपड़े पहनने चाहिए। उनकी जमा तलाशी भी होनी चाहिए। लेकिन, चर्चा है कि लोग पॉकेट में गड्डियां लेकर बाहर गए।

राम मंदिर में दान की राशि में चोरी के प्रकरण को लेकर ये बड़ी बातें श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने कहीं। वह बृहस्पतिवार को एक नेशनल टीवी चैनल को इंटरव्यू दे रहे थे। उन्होंने कहा कि गाइडलाइन सख्त है, क्रियान्वयन में कमी रह गई। उन्होंने कहा कि पूरी प्रक्रिया में एसबीआई की भी भूमिका को देखना होगा। बैंक इससे बच नहीं सकता, गिनती की जिम्मेदारी उनकी है। एमओयू है कि एसबीआई गिनती कराएगा। आगे उन्होंने कहा कि बेशकीमती धातु को लेकर भी एसआईटी जांच करेगी। श्रद्धालुओं ने दान पात्र में अंगूठियां भी डालीं। कान के गहने और सोने की चूड़ियां भी दान पात्र में डाले गए।

# सीएम योगी ने खाई लौकी-तरोई की सब्जी और खीर



**कानपुर।** प्राकृतिक खेती कार्यशाला के समापन और समीक्षा बैठक से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के गृह विज्ञान महाविद्यालय सभागार में दोपहर का भोजन किया। मुख्यमंत्री के लिए विशेष रूप से सात्विक और सादा भोजन तैयार कराया गया था। भोजन में बिना प्याज-लहसुन की दाल, लौकी और तरोई की सब्जी समेत पारंपरिक व्यंजन परोसे गए। भोजन के अंत में मुख्यमंत्री ने खीर का स्वाद भी लिया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री, कृषि मंत्री, जनप्रतिनिधि और क्षेत्रीय विधायक भी मौजूद रहे। भोजन व्यवस्था विश्वविद्यालय प्रशासन की निगरानी में की गई।

# डीएम ने सीएम योगी को माटी कला कारीगरों द्वारा निर्मित गुल्लक की भेंट



**कानपुर।** सीएसए में आयोजित कार्यशाला के दौरान कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत की ओर से लिखित पुस्तक प्राकृतिक खेती भेंट की। वहीं जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री को बिठूर के माटी कला कारीगरों और आईआईटी कानपुर की ओर से निर्मित मिट्टी की गुल्लक तथा प्रसिद्ध कलाकार रंजीत सिंह की ओर से तैयार ताम्र चित्र भेंट किया।

कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान, कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला, सांसद रमेश अवस्थी, महापौर प्रमिला पांडेय, विधायक नीलिमा कटियार, सुरेंद्र मैथानी, महेश त्रिवेदी, अभिजीत सिंह सांगा, राहुल बच्चा सोनकर, सरोज कुरील, एमएलसी अरुण पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष, गोसेवा आयोग के अध्यक्ष, मंडलायुक्त, पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल, जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, सीडीओ अभिनव जैन तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सर्दियों में प्रदूषण रोकने को दिल्ली में अभी से तैयारी नवंबर से वाहनों पर बैन, दोगुनी होगी पार्किंग फीस

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सर्दियों के दौरान बढ़ने वाले वायु प्रदूषण से निपटने के लिए इस बार सरकार ने पहले ही तैयारी शुरू कर दी है। सर्दियों में प्रदूषण बढ़ने के बाद प्रतिबंध लगाने के बजाय दिल्ली सरकार ने नवंबर से फरवरी तक लागू होने वाली शीतकालीन वायु गुणवत्ता प्रबंधन व्यवस्था अधिसूचित कर दी है। इसके तहत वाहनों, निर्माण गतिविधियों, पार्किंग, कार्यालयों और खुले में जलाने जैसी गतिविधियों पर पहले से नियंत्रण के उपाय तय किए गए हैं।

अब तक दिल्ली में प्रदूषण बढ़ने के बाद ग्रैप के तहत पाबंदियां लागू की जाती थीं, जिससे आम लोगों, व्यापारियों और संस्थानों को अचानक बदलावों के अनुसार खुद को ढालना पड़ता था। नई व्यवस्था में सरकार ने पहले ही यह स्पष्ट कर दिया है कि नवंबर से फरवरी के बीच खराब हवा की स्थिति बनने पर कौन-कौन से कदम उठाए जा सकते हैं। इससे नागरिकों, आरडब्ल्यूए, उद्योगों, निर्माण एजेंसियों और सरकारी विभागों को पहले से तैयारी करने का समय मिलेगा।




**पीयूसी के बिना नहीं मिलेगा पेट्रोल, बाहर के पुराने वाहनों पर रोक :** नई व्यवस्था के तहत दिल्ली के सभी पेट्रोल पंपों पर केवल उन्हीं वाहनों को ईंधन मिलेगा, जिनके पास वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसी) होगा। इसके अलावा 1 नवंबर से 31 जनवरी तक दिल्ली के बाहर पंजीकृत गैर-बीएस-6 वाणिज्यिक वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। हालांकि सीएनजी, इलेक्ट्रिक, आपातकालीन सेवाओं और सरकारी कार्यों से जुड़े वाहनों को छूट दी जाएगी।

**पार्किंग महंगी, ऑफिसों में कम होगी भीड़ :** सर्दियों के दौरान निजी वाहनों के इस्तेमाल को कम करने के लिए 1 नवंबर से 28 फरवरी तक अधिकृत पार्किंग स्थलों पर पार्किंग शुल्क दोगुना किया जाएगा। इसके साथ ही यातायात दबाव घटाने के लिए चरणबद्ध कार्यालय समय की व्यवस्था लागू की जा सकती है। सरकारी और निजी कार्यालयों में अधिकतम 50 प्रतिशत भौतिक उपस्थिति और बाकी कर्मचारियों के लिए वर्क फ्रॉम होम का प्रावधान रखा गया है। जरूरी और आपातकालीन सेवाओं को इससे छूट मिलेगी।

## चढ़ावा चोरी पर योगी का पहला बयान, बोले-

# हमने एसआईटी बनाई है, वो दूध का दूध और पानी का पानी करेगी



**लखनऊ।** राम मंदिर में चढ़ावा चोरी विवाद के बीच सीएम योगी शुक्रवार को पहली बार अयोध्या पहुंचे। जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, 1857 के बाद अंग्रेजों ने देश के युवाओं को दबाने का प्रयास किया, लेकिन युवा दबा नहीं। चौरी-चौरा, काकोरी ट्रेन को अंजाम दिया। अंग्रेज ज्यादा दिन ठहर नहीं पाए। आज यह देश आजाद है। नए उत्तर प्रदेश में हम रहे हैं।

झलकारी बाई ने देश की आजादी के लिए फिरंगियों को नाको चने चबाने के लिए मजबूर कर दिया था। राष्ट्र नायकों का सम्मान करना राष्ट्रभक्ति के लिए प्रेरित करता है। हमारी सरकार ने महारानी लक्ष्मीबाई, वीरांगना झलकारी बाई के नाम पर अनेक अभियान प्रारंभ कराया। हमने वीरांगनों के नाम पर 3 पीएसी की यूनिट बनाए हैं। यह वीरांगना झलकारी बाई, अवंतीबाई, उदादेवी पासी के नाम पर हैं। हमने यह भी सुनिश्चित किया है कि इन तीनों बटालियन में सिर्फ बेटियां ही भर्ती होंगी।

सपा के दोहरे चरित्र को देखो, कहते हैं राम भक्तों का अपमान हुआ है। कारसेवकों पर गोली चलवाने वाले और राम के नारे लगाने पर गोली चलवाने वाले लोग उपदेश देने चले हैं। अयोध्या के बारे में समाचार पत्रों से सुनने को मिला।

# कानपुर को मिली अमृत भारत एक्सप्रेस की सौगात, 21 जून से चलेगी



**कानपुर।** कानपुर को अमृत भारत एक्सप्रेस की सौगात मिली है। यह ट्रेन 21 जून से जयपुर-दरभंगा के बीच चलेगी, इसका ठहराव कानपुर सेंट्रल पर भी होगा। केंद्रीय रेल, प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव 21 जून को ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। नई अमृत भारत एक्सप्रेस का ठहराव कानपुर सेंट्रल समेत दौसा, बांदीकुई, भरतपुर, आगरा, टूंडला, इटावा, उन्नाव, ऐशबाग, गोमतीनगर, बाराबंकी, गोंडा, गोरखपुर, रक्सौल, सीतामढ़ी और दरभंगा जैसे प्रमुख स्टेशनों पर होगा। ट्रेन सप्ताह में छह दिन संचालित होगी।

यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन ने आनंद विहार टर्मिनल-बलिया स्पेशल ट्रेन को नियमित करने का फैसला किया है। यह ट्रेन आनंद विहार टर्मिनल-मऊ एक्सप्रेस (14056/14055) के रूप में 24 जून से नियमित रूप से चलना शुरू करेगी। ट्रेन संख्या 14056 आनंद विहार टर्मिनल-मऊ एक्सप्रेस प्रत्येक बुधवार को आनंद विहार से दोपहर तीन बजे रवाना होगी और रात आठ बजे कानपुर सेंट्रल पहुंचेगी।

वापसी में 14055 मऊ-आनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस प्रत्येक गुरुवार को मऊ से चलकर रात 8:10 बजे कानपुर सेंट्रल पहुंचेगी। ट्रेन में एसी प्रथम, एसी द्वितीय, एसी तृतीय, इकॉनमी, स्लीपर और सामान्य श्रेणी समेत कुल 21 कोच लगाए जाएंगे।

वडोदरा स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के चलते नॉन-इंटरलॉकिंग ब्लॉक की अवधि बढ़ाए जाने के कारण कई ट्रेनों का ठहराव वडोदरा जंक्शन के स्थान पर छायापुरी स्टेशन पर निर्धारित किया गया है।

## उम्मीदवार चयन पर मायावती का पलटवार, बोलीं-

# बसपा की मिशन-2027 की तैयारियों से विरोधी पार्टियों में घबराहट का माहौल

**पलटवार**

**‘बसपा को बदनाम करने के लिए विरोधी दल सुनियोजित तरीके से दुष्प्रचार कर रहा है’**



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने पार्टी के उम्मीदवार चयन और आर्थिक सहयोग को लेकर उठ रहे सवालों पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि बसपा को बदनाम करने के लिए विरोधी दल और मीडिया का एक वर्ग सुनियोजित तरीके से दुष्प्रचार कर रहा है। चुनाव नजदीक आते ही ऐसी गतिविधियां बढ़ जाती हैं, जिनका मकसद बसपा के बढ़ते जनाधार और संगठनात्मक मजबूती को नुकसान पहुंचाना होता है। सोशल मीडिया पर शुक्रवार को जारी बयान में मायावती ने कहा कि बसपा बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों पर चलने वाली ऐसी पार्टी है, जो बड़े पूंजीपतियों या धनकुबेरों के इशारों पर नहीं, बल्कि अपने समर्थकों के सहयोग और समर्पण के बल पर आगे बढ़ती है।

यही वजह है कि संकीर्ण, जातिवादी और पूंजीवादी ताकतों को बसपा की मजबूती रास नहीं आती। उन्होंने कहा कि उम्मीदवार चयन को लेकर जानबूझकर भ्रम फैलाया जा रहा है।

# बत्ती गुल-गुस्सा फुल : मुरादाबाद में परेशान लोगों ने घेरा बिजलीघर

**गुस्सा**

**लोगों का आरोप है कि इलाके में फॉल्ट और ओवरलोडिंग अब बन चुकी है रोजमर्रा की समस्या**

**मुरादाबाद।** भीषण गर्मी के बीच घंटों बिजली कटौती से कांशीरामनगर के लोगों का सब्र जवाब दे गया। शाम से शुरू हुई बिजली की आंखमिचौली रात तक जारी रही तो गुस्साए लोग घरों से निकलकर सीधे बिजलीघर पहुंच गए। रात करीब 11 बजे 60 से अधिक लोगों ने कांशीरामनगर बिजलीघर का घेराव कर जमकर हंगामा किया।

लोगों का आरोप था कि इलाके में फॉल्ट और ओवरलोडिंग अब रोजमर्रा की समस्या बन चुकी है, लेकिन विभाग स्थायी समाधान करने के बजाय केवल अस्थायी मरम्मत में जुटा रहता है। बृहस्पतिवार शाम करीब चार बजे



33 केवी लाइन के केबल बक्से में खराबी आने से बिजली आपूर्ति ठप हो गई।

भीषण गर्मी में लोग घंटों पसीने से तरबतर रहे। रात करीब साढ़े आठ बजे सप्लाई बहाल हुई तो लोगों ने राहत की सांस ली, लेकिन यह राहत ज्यादा देर नहीं टिक सकी। कुछ ही देर बाद फिर बिजली गुल हो गई। लगातार ट्रिपिंग और बार-बार फॉल्ट से परेशान लोगों का गुस्सा भड़क उठा। लोग जब बिजलीघर पहुंचे तो उन्हें पता चला कि ओवरलोडिंग के कारण नया फॉल्ट हो गया है और उसे ठीक करने के लिए पर्याप्त लाइनमैन भी मौके पर मौजूद नहीं हैं।

यह सुनते ही लोगों का आक्रोश और बढ़ गया। हंगामे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को

## गाजियाबाद नगर निगम

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

पत्रांकः 479 जलकल/2026–27 — दिनांक– 18/06/26

गाजियाबाद नगर निगम, के जलकल विभाग द्वारा 15वें वित्त आयोग/अवस्थापना विकास निधि, (जी०डी०ए०) अवस्थापना निधि, इन्दिरापुरम योजना, अमृत 2.0 के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से एवं नगर निगम से स्वीकृत विभिन्न कार्यों की अल्पकालीन नवीन ई–निविदा/पुनः ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा उ०प्र० प्रदेश उत्तर प्रदेश की ई–प्रिक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in से प्राप्त किये जा सकते है। शासनादेश संख्या–3890/नौ–5–19–149सा/2019 दिनांक 20.09.2019 के क्रम में निविदादाता को निविदा शुल्क धनराशि एवं निर्धारित धरोहर धनराशि निविदा सूची में कार्य के सम्मुख अंकित निविदा शुल्क (Non Refundable) एवं धरोहर राशि (Refundable) वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर जमा करना अनिवार्य है। साईट पर दिनांक 22.06.2026 से दिनांक 29.06.2026 तक पुनः ई–निविदा आमंत्रित की जाती है, जिन्हे अपरान्हः 2:00 बजे तक अपलोड करना आवश्यक होगा, जिन्हे तद्दिनांक की सांय 4:00 बजे खोला जायेगा। ऐसी निविदादाता/फर्म जो नगर निगम, गाजियाबाद में पंजीकृत है अथवा नहीं है, के लिये शासनादेश संख्या–3890/नौ–5–19–149सा/2019 दिनांक 20.09.2019 के आलोक में निविदादाता का चरित्र प्रमाण–पत्र, हैसियत प्रमाण–पत्र, समान कार्य का अनुभव प्रमाण–पत्र तथा जी०एस०टी० नम्बर वैबसाईट पर अपलोड करना आवश्यक होगा। विस्तृत निविदा सूचना एवं शर्ते वैबसाईट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

| 15वें वित्त आयोग/अवस्थापना विकास निधि, (जी०डी०ए०) अवस्थापना निधि, इन्दिरापुरम योजना, अमृत 2.0 के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से एवं नगर निगम की तकनीकि बिड हेतु | |
|---|---|
| 15वें वित्त आयोग/अवस्थापना विकास निधि, (जी०डी०ए०) अवस्थापना निधि, इन्दिरापुरम योजना, अमृत 2.0 के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से एवं नगर निगम की तकनीकि बिड हेतु नियत तिथि | 22.06.2026 से दिनांक 29.06.2026 तक पुनः ई–निविदा एवं नवीन ई–निविदा हेतु |

आमंत्रित निविदा की सर्व प्रथम तकनीकि बिड अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी। तकनीकि बिड में अर्हता रखने वाले योग्य निविदादाताओं की वित्तीय बिड खोलने की सूचना पृथक से दी जायेगी। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्यदिवस में खोली जायेगी।

महाप्रबन्धक (जल)
गाजियाबाद नगर निगम

20 June -26 page 3 19-06-26 10:38 PM Page 1

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 • नई दिल्ली। शनिवार 20 जून -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




## सांसद अतुल गर्ग और कैबिनेट मंत्री मुस्कुराते हुए दिखाई देंगे एक साथ लेकिन योग दिवस पर, योग साधकों की टी-शर्ट पर








**गाजियाबाद करंट क्राइम।** वैसे तो भगवागढ़ में एक साथ होकर भी एकसाथ ना होने की चर्चाएं समय समय पर होती रहती हैं। अब वो दौर भी याद किया जाता है कि जब सब एक साथ थे। दिल्ली से लेकर लखनऊ तक एक साथ थे। प्रभारी मंत्री से लेकर संघ वालों के एक साथ थे। साथ रहे तो साथ मिलकर उस लक्ष्य को भी पा लिया। जिस के बारे में ये कहा जाता था कि यह तो असंभव है। फिर समय बदला और ऐसा बदला कि एक सीधे विधानसभा से लोकसभा में आ गये और एक विधानसभा से कैबिनेट में आ गये। जिले की दिशा बदली और ऐसी बदली कि जिस दिशा की बैठक होती थी, सारे उसी दिशा से विपरीत नजर आते थे। आज जो लोकसभा वाले हैं वो भी कभी दूसरी विधानसभा में नजर आते थे। फिर कुछ ऐसा बदला कि लंच डिप्लोमेसी हुई। लेकिन फिर धीरे धीरे भोजन की मेज पर भी एकसाथ नहीं दिखे। दिशा की बैठक में भी एक आये तो दूसरे नहीं गये। अब ये पब्लिक है और जो कुछ आंखों से देख रही है उसे दिमाग से समझ भी रही है। लेकिन बहुत दिनों बाद एक ऐसा संयोग होने जा रहा है कि लोकसभा सांसद अतुल गर्ग और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा एक साथ नजर आयेंगे। वो एक कार्यक्रम में नजर आयेंगे। मुस्कुराते हुए नजर आयेंगे और साथ साथ नजर आयेंगे। लेकिन कहानी का ट्विस्ट ये है कि वो योग दिवस पर योग साधकों की टी-शर्ट पर नजर आयेंगे। सूत्र बताते हैं कि टी-शर्ट आ चुकी हैं और योग दिवस पर एक ही मैदान में ये नजारा दिखेगा जब योग साधक ऐसी टीशर्ट पहनेंगे जिस पर सांसद अतुल गर्ग और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा एकसाथ होंगे। दोनों और से ये भी आवाजें हैं कि चलो आज टी शर्ट पर एक साथ आयें है कल रियल में भी एक साथ आयेंगे।

वैसे भी दूरियों की चर्चा बढ़ रही है और दूरियों को लेकर कुछ तो मजबूरियां हैं। बीते दिनों प्रभारी मंत्री आये थे तो वहां कुछ बोल निकले थे और ये बोल बड़े ही नापतोल के साथ दूसरे छोर पर भी गये थे। फिलहाल इन सब बातों को भुलाकर टी-शर्ट पर एकता का पैगाम देने की तैयारी हो चुकी है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ये पैगाम नजर आयेगा।

## विश्व योग दिवस पर 90 वर्षीय दृष्टिबाधित गुरु योगेन्द्रपाल शर्मा करेंगे योग प्रदर्शन

### दयानंद नगर स्थित वैदिक सन्यास आश्रम में होगा विशेष कार्यक्रम, उद्योग जगत की हस्तियां रहेंगी मौजूद


योग गुरु योगेन्द्रपाल शर्मा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को शम्भू दयाल दयानन्द वैदिक सन्यास आश्रम, दयानन्द नगर में विशेष योग एवं ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 90 वर्षीय योग गुरु योगेन्द्रपाल शर्मा होंगे, जो पिछले 50 वर्षों से दृष्टिबाधित होने के बावजूद योग साधना और प्रचार-प्रसार में सक्रिय हैं। कार्यक्रम में योगेन्द्रपाल शर्मा योग प्रदर्शन के साथ योग एवं ध्यान के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। उनके शिष्य योगाचार्य अशोक बजाज भी योग प्रदर्शन और उद्बोधन देंगे।

आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव गुप्ता उपस्थित रहेंगे, जबकि पंचशील ग्रुप के चेयरमैन अशोक चौधरी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। आचार्य नरेश वाचस्पति मुख्य वक्ता के रूप में योग और भारतीय संस्कृति पर अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम सायं 7 बजे से 8 बजे तक आयोजित होगा। इसके उपरांत प्रसाद स्वरूप भोजन की व्यवस्था भी रहेगी। आयोजक एवं पूर्व निगम पार्षद हिमांशु लव ने पत्रकारों एवं छायाकारों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसे व्यापक जनमानस तक पहुंचाने का आग्रह किया है।

आधी सदी से दृष्टिबाधित, फिर भी योग साधना का अद्भुत उदाहरण 90 वर्षीय योग गुरु योगेन्द्रपाल शर्मा पिछले लगभग 50 वर्षों से दृष्टिबाधित हैं, लेकिन उन्होंने योग को अपने जीवन का आधार बनाया। योग और ध्यान के माध्यम से उन्होंने हजारों लोगों को स्वस्थ जीवन का संदेश दिया है। विश्व योग दिवस पर उनका योग प्रदर्शन युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत माना जा रहा है।

## क्यों हो रही है ये बात निर्वाचित पार्षदों के बीच में इन द एयर मूव नामित पार्षदों को क्यों ना कर दिया जाए अपने ग्रुप से रिमूव

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कोई कुछ भी कहे लेकिन सच ये है कि एक रोचक जंग नगर निगम में शुरू हो गई है। रंग ये है कि विपक्ष वाले बैठकर तमाशा देख रहे हैं और रणभूमि में केसरिया वीर हैं। एक ही दल वालों का दिल कितना तंग है, इसे देखकर विपक्ष वाले भी दंग है। उनका पूरे सदन पर कब्जा है लेकिन जज्बा ये है कि जब से वो दस आये हैं। तब से पता नहीं किसी ना किसी बात पर कोई ना कोई हंगामा हो ही रहा है। कहावत है कि चार बर्तन है तो खटकते ही हैं। लेकिन यहां तो 75 पहले थे और 10 और आ गये। खटपट पूरी फ्लो में नजर आ रही है। बोर्ड की बैठक हुई और लग रहा था कि फ्लावर वाले पार्षद व्यवस्था को लेकर फायर हो जायेंगे। वो हाउस टैक्स का मुद्दा उठायेंगे, वो टूटी सड़कों की बात करेंगे। वो जल निकासी पर चिंता करेंगे। वो पानी की सप्लाई को लेकर बात करेंगे। लेकिन सदन तो उस समय हैरान रह गया जब फूल वाले पार्षद एक दूसरे से ही उलझ गये। एक महिला निर्वाचित पार्षद के लिए एक नामित पार्षद का लहजा इतना खराब हो गया कि सदन में हंगामा हो गया। माफी मांगने तक की बात आ गई और सुना है कि अपमान से आहत ये किस्सा दिल्ली तक पहुंचा है। बताते हैं कि एक वार्ड ऐसा है जहां पार्षद पति और एक नामित पार्षद के बीच युद्ध की गति वाला सीन हो गया था। एक वार्ड में विकास को लेकर ही नामित और निर्वाचित उलझते दिखाई दिये। अब सूत्र बताते हैं कि बगावत की ये आंच अभी और सुलग रही है। पार्षदों की एकता वाले ग्रुप पर ये तय हो गया है कि इन नामित पार्षदों का हमारी एकता में क्या काम है। लेकिन यहां पर सूत्र बताते हैं कि रोचक सीन बिल्ली के गले में घंटी कौन बांधे, वाला हो रहा है। ग्रुप के कर्ताधर्ता चाहते हैं कि इन दस को बाहर कर दिया जाये। लेकिन रिमूव कौन करेगा, ये बड़ा सवाल है। बुराई खुलकर कोई लेने को तैयार नहीं है और सफाई चाहते हैं कि हो जाये। सूत्र बताते हैं कि नामित पार्षदों को निकालने पर मंत्रणना हुई। लेकिन यहां किसी कहने वाले ये भी कह दिया कि मंत्रणना तो ठीक है लेकिन उसके बाद की यंत्रणना कौन झेलेगा। फिलहाल तैयारी तो चल रही है और अब नया सुझाव भी आ गया है।



### ग्रुप को कर दें टोटल ग्रुप और नए ग्रुप में नहीं करें नामितों को ऐड

करंट क्राइम। कहानी अब रोचक होने लगी है और अपनों से अपनों की ये दूरी समझ नहीं आ रही। एक परिवार में सब मिलकर बैठते हैं लेकिन यहां तकरार ऐसी है कि एक दूसरे को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि एक सुझाव ये भी दिया गया है कि ऐसे तो ये नाराज हो जायेंगे तो क्यों ना पहले इस ग्रुप को टोटल रिमूव कर दिया जाये। उसके बाद नया ग्रुप बनाया जाये और उस ग्रुप में इन नामितों को शामिल ही ना किया जाये।

### जब उन्होंने अपना ग्रुप बनाया तब हमें कौन सा बुलाया


करंट क्राइम। दस सरकार की कृपा से आये हैं लेकिन उन पर अपनों वालों की कृपा बिल्कुल नहीं हो रही है। माना कि चार बर्तन खटकते हैं लेकिन इतना भी खटकते कि एक दूसरे को पटकने की सोचने लगें। बताते हैं कि अब निर्वाचितों की तरफ से भी आवाज आई है कि हम क्यों ना इन्हें अपने ग्रुप से रिमूव कर दें। वो बता रहे हैं कि नामितों ने अपना एक ग्रुप बनाया है और वो हमें बता दें कि उसमें किस निर्वाचित को इन्होंने मुंह लगाया है। नामितों ने अपना ग्रुप बना लिया है। लेकिन उसमें निर्वाचित नहीं है। हालांकि ये उनका हक है जिसे चाहें रखें जिसे चाहें ना रखें।

### दस की करो दावत और खत्म कराओ ये बगावत

करंट क्राइम। सूत्र बताते हैं कि सभी निर्वाचित भी रिमूव वाले पक्ष में नहीं है। सभी नामित भी बगावत वाले पक्ष में नहीं है। फिर ऐसा क्या है कि जंग वाले हालात हो रहे हैं। बताया जाता है कि यहां इन दोनों के बीच कोई तीसरा है जो कांटे से कांटा निकालने की रणनीति पर काम करता है। एक के पीछे एक लगाने की रणनीति है। बताया जाता है कि अब यहां एक लॉबी ऐसी है जो ये चाहती है कि नामित पार्षदों को सबसे पहले परिवार का अंग माना जाये। वो चाहते हैं कि एक सोशल गैदरिंग हो। एक दावत आयोजित की जाये और नामित पार्षदों को बिठाकर उनकी काउंसलिंग की जाये। मुद्दों पर बात हो, सहमति बने और दावत के बाद ये बगावत खत्म होनी चाहिए।

## हो गया प्राचीन रामलीला में चुनावी महाभारत का ऐलान
## जैसे ही चस्पा हुई लिस्ट, आ गया हाईकोर्ट की किसी कहानी का ट्विस्ट





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इस रामलीला का हल्ला ही ऐसा है कि इसे सुल्लामल की महाभारत भी कहा जाता है। ये रामलीला है मगर मंचन से पहले यहां महाभारत का सीन होता है। शुक्रवार को सुल्लामल रामलीला कमेटी में चुनावी प्रक्रिया शुरू हुई। डिप्टी रजिस्ट्रार द्वारा नामित किये गये चुनाव अधिकारी ने कार्यभार संभाला। उन्होंने 297 मतदाताओं की सूची पढ़कर सुनाई। इस दौरान रामलीला कमेटी के सदस्य मौजूद थे। निवर्तमान कमेटी के पदाधिकारी मौजूद थे। बताते हैं कि लिस्ट लगते ही हंगामें का ट्विस्ट आ गया। हंगामा इस बात को लेकर था कि जो लिस्ट हाईकोर्ट ने जारी की थी उस लिस्ट पर चुनाव होना है। वहीं चुनाव अधिकारी ने स्पष्ट कर दिया कि जिस लिस्ट की आप बात कर रहे हैं उस लिस्ट को लेकर आपने जो आपत्ति दर्ज कराई थी। वो आपत्ति खारिज हो चुकी है। ये आपत्ति पिछले वर्ष दर्ज कराई गई थी। लिहाजा जो सूची अब है इसी मतदाता सूची से चुनाव होगा। फिलहाल चुनावी प्रक्रिया शुरू हो गई है। आज नामांकन पत्र दाखिल होंगे और उसके बाद 21 जून को जो लोग पर्चा वापस लेना चाहते हैं वो पर्चा वापस ले सकते हैं। 28 जून को घंटाघर रामलीला मैदान में जानकी भवन में मतदान कक्ष बनाया जायेगा। यहीं मतगणना होगी और पूरी चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न होगी।



### मन में है चुनावी बहार तो जेब से निकालों रूपये 4 हजार

करंट क्राइम। चुनाव प्रक्रिया गंभीर रहे और चुनाव का खर्चा भी चुनाव वालों से ही निकालने की पूरी प्लानिंग है। सात पदों पर चुनाव होना है और अगर दो पैनल आते हैं 14 उम्मीदवार हो जायेंगे। सबसे खास बात ये है कि इस बार एक कॉमन शुल्क रखा गया है। अगर कोई भी चुनाव लड़ने की इच्छा रखता है और नामांकन पत्र भरता है तो फिर वो चुनाव लड़े या ना लड़े लेकिन उसे 4 हजार का शुल्क जमा कराना होगा। इस शुल्क में पूरी तरह से एकरूपता और समरसता रखी गई है। चाहे आप अध्यक्ष का चुनाव लड़ो या लेखा परीक्षक का चुनाव लड़ो या फिर कनिष्ठ उपाध्यक्ष का चुनाव लड़ो, सभी को 4 हजार रूपये देने ही होंगे। खास बात ये है कि ये 4 हजार रूपये किसी भी स्थिति में रिफंड नहीं होंगे।

### हम करेंगे अपील और रखेंगे अपनी बात

करंट क्राइम। चुनाव अधिकारी ने नियमों का हवाला दिया और बता दिया कि जिस लिस्ट की बात हो रही है वो लिस्ट और आपत्ति खारिज हो चुकी है। लेकिन हाईकोर्ट वाली लिस्ट को लेकर हंगामा होता रहा और दूसरे पक्ष ने कहा कि हम अपनी आपत्ति भी दर्ज करायेंगे और हम हाईकोर्ट भी जाने पर विचार कर रहे हैं।

### आज दो पैनल कर देंगे अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा

करंट क्राइम। चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। 20 जून को नामांकन पत्र दाखिल होंगे। सूत्र बताते हैं कि आज अजय बंसल का पैनल अपना नामांकन पत्र दाखिल करेगा। इस पैनल में अध्यक्ष पद के लिए अजय बंसल, महामंत्री पद के लिए नरेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पद के लिए सुधीर गोयल मोनू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए संजी मित्तल साजू, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए अनिल चौधरी, मंत्री पद के लिए प्रदीप मित्तल और वरिष्ठ लेखा परीक्षक के पद के लिए रविन्द्र मित्तल पर्चा दाखिल करेंगे। वहीं दूसरा पैनल भी आज घोषित होगा। दूसरे पैनल के नामों का खुलासा नामांकन पत्र दाखिल करने के समय ही होगा।

### वो ना करेंगे फाईटिंग, जयपुर से चैक करा लें हैंड राईटिंग

करंट क्राइम। रामलीला का दफ्तर हंगामे से गूंजता रहा। लिस्ट को लेकर हंगामा था और पूर्व रामलीला अध्यक्ष और पूर्व महामंत्री के बीच काफी नोक झोंक हुई। फिर कहानी इस्तीफे की आ गई और इस्तीफा पढ़कर सुनाया गया। एक पक्ष ने इसे मानने से ही इंकार कर दिया। दूसरे पक्ष ने कहा कि इसमें फाईटिंग जैसी कोई बात नहीं है। यदि वो चाहें तो जयपुर में संस्थान है और वहां से हैंड राईटिंग की जांच कराई जा सकती है।

### लोकसभा सांसद और शहर विधायक नहीं है रामलीला के वोटर

करंट क्राइम। ये शहर की सबसे पुरानी रामलीला है और अपना पुरातन इतिहास समेटे हुए है। दिवंगत पूर्व सांसद सुरेन्द्र प्रकाश गोयल इस रामलीला के वालिएंटर से लेकर संरक्षक तक रहे। हिंदी भवन समिति के महामंत्री सुभाष गर्ग इसके सदस्य हैं। लेकिन वर्तमान सीन ये है कि मौजूदा लोकसभा सांसद अतुल गर्ग इस रोचक चुनावी रण में वोट नहीं डाल सकते, वो इसके मैम्बर नहीं है। शहर विधायक संजीव शर्मा इस पुरातन समिति के सदस्य नहीं है। इस लिस्ट में कई प्रतिष्ठित नाम वोटर के रूप में दर्ज हैं।

## दिनदहाड़े चली गोलियां, छात्र घायल
### नंदग्राम थानाक्षेत्र में कानून-व्यवस्था पर उठे सवाल








**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नंदग्राम थानाक्षेत्र में अपराधियों के बढ़ते हौसलों का एक और उदाहरण शुक्रवार को उस समय देखने को मिला, जब 100 फुटा रोड स्थित एक होटल पर खाना खाने आए छात्र पर बाइक सवार युवकों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। फायरिंग में छात्र घायल हो गया, जबकि हमलावर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार, नंदग्राम निवासी छात्र तरुण अपने साथी के साथ होटल पर खाना खाने आया था। इसी दौरान दो बाइकों पर सवार पांच युवक वहां पहुंचे और तरुण तथा उसके साथी से गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी मारपीट में बदल गई और देखते ही देखते सड़क पर जमकर पथराव शुरू हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक विवाद के दौरान बाइक सवार युवकों ने पिस्टल निकालकर तीन से चार राउंड फायरिंग कर दी। इनमें से एक गोली तरुण के दाहिने हाथ में जा लगी और उसकी बाजू में धंस गई। गोली लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायल छात्र को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। एसीपी नंदग्राम जियाउद्दीन ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों पक्ष एक-दूसरे को पहले से जानते हैं और उनके बीच पूर्व में भी विवाद हो चुका है। पुलिस आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हुई है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### थाना पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल

करंट क्राइम : घटना ने नंदग्राम थाना पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। दिनदहाड़े व्यस्त सड़क पर फायरिंग जैसी गंभीर वारदात होने के बावजूद पुलिस आरोपियों तक नहीं पहुंच सकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में चोरी, लूट, झपटमारी और साइबर ठगी जैसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। आरोप है कि कई मामलों में एफआईआर दर्ज करने में भी देरी की जाती है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि अपराधियों में पुलिस का खौफ कम होता जा रहा है, जिसके चलते सार्वजनिक स्थानों पर भी बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। अब लोगों की निगाहें पुलिस की आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं कि आखिर इस सनसनीखेज फायरिंग कांड के आरोपी कब तक सलाखों के पीछे पहुंचते हैं।

## दस्तावेज लेखक एसोसिएशन गाजियाबाद के चुनाव संपन्न, संजीव कौशिक बने अध्यक्ष




### 364 मतदाताओं ने लिया भाग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** दस्तावेज लेखक एसोसिएशन गाजियाबाद के चुनाव शुक्रवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुए। चुनाव को लेकर दस्तावेज लेखकों में खासा उत्साह देखने को मिला। मतदान प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। संगठन के विभिन्न पदों के लिए हुए मतदान में सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अध्यक्ष पद के लिए हुए मुकाबले में कुल 364 मत पड़े, जिनमें दो मत निरस्त घोषित किए गए। अध्यक्ष पद पर संजीव कौशिक को 190 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी विक्की गोयल को 172 वोट मिले। इस तरह संजीव कौशिक ने 18 मतों के अंतर से जीत दर्ज कर संगठन के नए अध्यक्ष बनने का गौरव हासिल किया। संगठन के सह सचिव पद के लिए हुए चुनाव में निशांत सोनी को 155 मत और शिवम वर्मा को 206 मत प्राप्त हुए, जबकि तीन मत निरस्त हुए। शिवम वर्मा ने 51 मतों के अंतर से विजय हासिल की। कोषाध्यक्ष पद के चुनाव में दीपक सिंह को 142 और हरित शर्मा को 217 मत मिले। पांच मत निरस्त घोषित किए गए। हरित शर्मा ने 75 मतों के बड़े अंतर से जीत दर्ज कर कोषाध्यक्ष पद अपने नाम किया। वहीं सचिव पद पर वरुण कुमार और संजय शर्मा के बीच मुकाबला हुआ। वरुण कुमार को 220 मत प्राप्त हुए, जबकि संजय शर्मा को 142 मत मिले। दो मत निरस्त हुए। वरुण कुमार ने 78 मतों के अंतर से जीत दर्ज कर सचिव पद पर कब्जा जमाया।

इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए क्षितिज गुप्ता, अमोद कुमार मेहता, प्रियेश शर्मा उर्फ हैप्पी, संजीव कुमार और संजय सूद पहले ही निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए जा चुके थे। मतदान के दौरान वरिष्ठ दस्तावेज लेखक रामानंद गोयल सहित बड़ी संख्या में सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद विजयी प्रत्याशियों और उनके समर्थकों में खुशी का माहौल देखने को मिला। संगठन के सदस्यों ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनसे दस्तावेज लेखक समुदाय के हितों के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने की अपेक्षा जताई।

## संपादकीय

# नाविकों की सुरक्षा जरूरी

यह कूटनीति का सबसे आवश्यक और असहज क्षण रहा होगा, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बातचीत में भारतीय समुद्री नाविकों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया। उन्होंने साफ कहा कि अमेरिका तथा ईरान के बीच प्रस्तावित शांति समझौते में नाविकों के संरक्षण के लिए प्रावधान होने चाहिए। दोनों की यह मुलाकात ऐसे समय में हुई, जब एक व्यापारिक जहाज पर अमेरिका के सैन्य हमले में भारतीय चालक दल के तीन सदस्यों की मौत को लेकर भारत में आक्रोश बढ़ रहा था। इसे लेकर भारत ने विभिन्न कूटनीतिक माध्यमों से आपत्ति जताई थी, लेकिन अमेरिका अपनी गलती मानने को तैयार नहीं था। वह यही कहता रहा कि नाविकों को हमारी चेतावनी पर गौर करना चाहिए था। ट्रंप से वार्ता से पहले प्रधानमंत्री ने जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान नाविकों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया था। सम्मेलन में उन्होंने सीधे अमेरिका का नाम नहीं लिया, लेकिन दबाव बनाया। तभी ट्रंप को कहना पड़ा कि समुद्री नाविकों की सुरक्षा को लेकर दोनों देश मिलकर काम करेंगे। नाविकों की सुरक्षा को लेकर प्रधानमंत्री की टिप्पणी ने दुनिया भर में अपने नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। दरअसल, होर्मुज और इसी तरह के मार्ग जब युद्धक्षेत्र बन जाते हैं, तो अर्थव्यवस्था किस कदर डगमगाती है, इसे पूरी दुनिया ने देखा। ऊर्जा की कीमतें, आपूर्ति शृंखलाएं, मुद्रास्फीति लक्ष्य और यहां तक कि वैश्विक कूटनीति भी प्रभावित दिखी। यही कारण है कि प्रधानमंत्री द्वारा यह मुद्दा उठाना महज औपचारिकता नहीं थी, बल्कि एक गंभीर पहल थी। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के बाद से भारतीय नाविकों को समुद्री असुरक्षा का बोझ उठाना पड़ा है। जहाजरानी महानिदेशालय के आंकड़ों के अनुसार, भारत में लगभग सात लाख 40 हजार पंजीकृत नाविक हैं, जिनमें से तीन लाख 23 हजार 479 सक्रिय हैं। विश्वभर के जहाजी दल में भारतीय चालक दल के सदस्यों की हिस्सेदारी लगभग 17 फीसद है। संकट के दौरान होर्मुज और उसके आसपास 550 से अधिक भारतीय नाविकों को ले जा रहे भारतीय ध्वज वाले 13 जहाज लगभग सौ दिनों तक फंसे रहे। ओमान के तट के पास भारतीय नाविकों—आदित्य शर्मा, शिवानंद चौरसिया और पटनाला सुरेश—की मौत से यह धारणा टूट गई है कि व्यापारिक जहाजरानी तटस्थ क्षेत्र है। जहां वैश्विक मीडिया समुद्री कानूनों की बारीकियों पर बहस कर रहा है, वहीं भारत में परिवार शोक मना रहे हैं और हमारे नाविकों की सुरक्षा को लेकर सवाल पूछे जा रहे हैं। ये लोग लड़ाके नहीं थे। वे वैश्विक व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए काम करने वाले पेशेवर और असैन्य नागरिक थे। नाविकों की सुरक्षा और कल्याण को सबसे पहले जगह मिलनी चाहिए। समुद्री कानूनों का जिम्मेदारीपूर्वक पालन होना चाहिए। विशेष रूप से भारत के लिए, आगे का रास्ता स्पष्ट है—केवल कूटनीतिक बयानबाजी नहीं, बल्कि संघर्ष क्षेत्रों में नाविकों की सुरक्षा को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दबाव बनाना होगा।

# बाजार में पांच दिन की तेजी पर ब्रेक

## सेंसेक्स 607 अंक लुढ़का, निफ्टी 24000 के करीब



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार में पिछले पांच दिनों से जारी शानदार तेजी का सिलसिला शुक्रवार को थम गया है। सेंसेक्स और निफ्टी में भारी गिरावट दर्ज की गई है, जिससे बाजार का उत्साह फीका पड़ गया है। भारी बिकवाली के इस माहौल में दिग्गज शेयरों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। हालांकि, गिरते बाजार के बावजूद निफ्टी किसी तरह 24,000 के अहम और मनोवैज्ञानिक स्तर को बचाने में कामयाब रहा है। आइए आसान भाषा में समझते हैं कि बाजार में इस भारी बिकवाली का मुख्य कारण क्या रहा और किन सेक्टर्स में निवेशकों को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा है।

शुक्रवार को जब बाजार बंद हुआ, तो बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स 607.08 अंक (यानी 0.78%) की भारी गिरावट के साथ 76,802.90 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी लाल निशान में रहा और यह 154.91 अंक (यानी 0.64%) फिसलकर 24,013.10 के स्तर पर आ गया। इस गिरावट के दौरान बड़े शेयरों का प्रदर्शन भी कमजोर रहा, जिसमें प्रमुख रूप से एचडीएफसी बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में 2-2 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। शेयर बाजार में आई इस गिरावट के पीछे कई प्रमुख कारण रहे हैं। बाजार में सबसे बड़ा दबाव आईटी (आईटी) शेयरों में हुई भारी बिकवाली की वजह से आया। इसके साथ ही, कमजोर ग्लोबल संकेतों और बाजार से जुड़े अन्य चिंताजनक कारकों ने भी निवेशकों के बीच घबराहट पैदा कर दी। इसी घबराहट के चलते निवेशकों ने मुनाफावसूली शुरू कर दी, जिससे बाजार में बिकवाली का चौतरफा दबाव बढ़ गया।

शुक्रवार के कारोबारी सत्र में बाजार के ज्यादातर हिस्सों में बिकवाली का दबाव स्पष्ट रूप से नजर आया। टेक्नोलॉजी शेयरों, विशेष रूप से निफ्टी आईटी इंडेक्स में भारी नुकसान दर्ज किया गया। इसके अलावा फाइनेंस, बैंकिंग, रियल एस्टेट और कंजम्पशन (खपत) से जुड़े क्षेत्रों में भी सुस्ती रही और ये सभी निचले स्तर पर कारोबार करते दिखे।

# जंग खत्म होने के बीच कीमती धातुएं हुई सस्ती

## सोना-चांदी के भाव में तीन फीसदी की गिरावट



**नई दिल्ली।** भू-राजनीतिक तनाव घटने और डॉलर मजबूत होने से सोना-चांदी में तेज गिरावट आई। एमसीएक्स पर सोना और चांदी में तीन फीसदी तक की गिरावट आई। विशेषज्ञों का कहना है कि यह बाजार की सामान्य उतार-चढ़ाव वाली स्थिति है। भू-राजनीतिक तनाव में कमी आने से सुरक्षित निवेश (सेफ हेवन) की मांग कमजोर होने से हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को लगातार तीसरे सत्र में सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अगस्त डिलीवरी वाला सोना अपने पिछले बंद 1,49,309 रुपए से 2.3 प्रतिशत गिरकर 1,45,800 रुपए के दिन के निम्नतम स्तर पहुंच गया। यह सोना आज 1,47,175 रुपए प्रति 10 ग्राम पर खुला। इस बीच, कॉमेक्स गोल्ड 2.4 प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,141 डॉलर के लेवल पर ट्रेड करता नजर आया, जबकि कॉमेक्स सिल्वर 4.3 प्रतिशत की गिरावट के साथ 63.45 के लेवल पर कमजोर रुख के साथ ट्रेड करता नजर आया।

एक मार्केट एक्सपर्ट के अनुसार, जनवरी में सोने की कीमत 5,595 डॉलर के सबसे ऊंचे स्तर पर थी। तब से इसमें लगभग 24 प्रतिशत की गिरावट आई है। वहीं, शुक्रवार को अमेरिकी फेड की वजह से हुई बिकवाली ने इस गिरावट को और बढ़ा दिया है।

### सोने में 2.35 प्रतिशत की गिरावट

हालांकि शुरूआती कारोबार में खबर लिखे जाने तक (सुबह 10.29 बजे के करीब) पीली धातु 3,507 रुपए या 2.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,45,802 रुपए प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही थी।वहीं, जुलाई डिलीवरी वाली चांदी 8,515 रुपए यानी 3.58 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,29,057 रुपए प्रति किलोग्राम पर ट्रेड करती नजर आई। सफेद धातु ने शुरूआती कारोबार में अपने पिछले बंद 2,37,572 रुपए से 5,201 रुपए या 2.1 प्रतिशत गिरकर 2,32,371 रुपए पर खुला और 3.6 प्रतिशत गिरकर 2,28,800 रुपए के दिन के निचले स्तर तक पहुंच गया।

# वित्त वर्ष 2026-27 में 'नए केरल' का संकल्प

## सीएम सतीशन की सरकार ने मिशन समुद्र का भी ऐलान किया



**नई दिल्ली।** केरल के मुख्यमंत्री वीडी सतीशन ने आज वित्त वर्ष 2026-27 के लिए राज्य का बजट पेश किया। विधानसभा में बजट पेश करते समय उन्होंने 'नए केरल' संकल्प की घोषणा भी की।

इसके तहत समावेशी विकास और टिकाऊ बुनियादी ढांचा विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। बजट भाषण के दौरान मुख्यमंत्री ने वित्तीय तनाव, देनदारी और महंगाई को प्रमुख चुनौतियां बताया। उन्होंने कहा कि सरकार 'मिशन समुद्र' का भी अनावरण करेगी। इसका लक्ष्य बंदरगाह-आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करते हुए इस राज्य को वैश्विक समुद्री केंद्र के रूप में विकसित करना है। सतीशन ने राज्य की आर्थिक चुनौतियों को लेकर चेतावनी भी दी। उन्होंने बताया कि दूसरे राज्यों के मुकाबले केरल का अपना राजस्व कम रहा है।

### 'मिशन समुद्र' के लिए 400 करोड़ रुपये आवंटित

गौरतलब है कि केरल के मुख्यमंत्री सतीशन ने वित्त विभाग अपने पास ही रखा है। सरकार गठन के बाद अपने पहले बजट भाषण में उन्होंने कहा कि 'मिशन समुद्र' के लिए 400 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि केरल सरकार व्यापक विकास रणनीतियों के जरिए अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार केरल को एक पोर्ट सिटी के रूप में विकसित करना चाहती है। इसके तहत विझिनजम में जहाज निर्माण केंद्र स्थापित होगा। साथ ही कोल्लम, बेपोर और अझिक्कल बंदरगाहों का विकास किया जाएगा। समुद्री इतिहास को सहेजने के लिए 50 करोड़ रुपये की लागत से एक समुद्री संग्रहालय भी बनाया जाएगा।

### डाटा-आधारित इन्वेस्ट केरल सेल

बजट में केरल के अपने चार हवाई अड्डों के इर्द-गिर्द एविएशन और लॉजिस्टिक्स हब में बदलने के लिए भी 200 करोड़ रुपये का फंड आवंटित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केरल में कारोबार से जुड़ी मुख्य बाधाओं को दूर करने के लिए निवेश आकर्षित करने के लिए डाटा-आधारित इन्वेस्ट केरल सेल शुरू किया जाएगा। साथ ही कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास एक ग्लोबल कन्वेंशन सेंटर भी बनाया जाएगा।

### सीएम ने श्वेत पत्र के आंकड़ों के साथ शुरू किया भाषण

मुख्यमंत्री ने केरल की वित्तीय स्थिति पर 'श्वेत पत्र' के आंकड़ों के साथ अपना भाषण शुरू किया। उन्होंने कहा कि स्पष्ट बहुमत के साथ सत्ता में आई उनकी सरकार 'नए दौर का केरल' बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह बजट 'सुशासन और संवेदना' की थीम पर आधारित है। इसमें बुनियादी ढांचे के विकास और जनता के कल्याण के लिए उठाए जाने वाले कदमों पर बराबर जोर दिया गया है।

## 20 06 2026 करंट क्राइम

### सेलेब्रिटी जन्मदिन

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं


# आज के जन्मदिन



नीतू चन्द्रा (अभिनेत्री) | विवेक तोमर | हरीश चंद्र शर्मा | संजय रावत



अंशिका ठाकुर | अबान मलिक | अहम नागर | गणेश गुर्जर | उत्कर्ष कश्यप | वेदांश



पर्व शर्मा | डुग्गू | निशा गुप्ता | दयावती | कल्पना मित्तल | भाषा सिंह



ममता तिवारी | सुनील चौधरी | सुनील वशिष्ठ | राजेश बंसल | धर्मेंद्र कुमार | सोनी कैलाश ठाकरे



तरूण सोनी | नीरज शर्मा | सुभाष तोमर | मोहन नेगी | पिंटू चौधरी | कांती त्यागी



मुकेश शर्मा | दीपक प्रधान | राजीव कुमार | शैलेन्द्र शर्मा | सुरेश कुमार पांड़े | संजीव शर्मा



अनिल शर्मा | प्रवीण वर्मा | कुलदीप चौधरी | वीरपाल सिंह | केशव सिंह

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

## रोचक तथ्यों का करंट



- खाने का स्वाद उसमें लार यानी सलाइवा मिलने के बाद ही आता है।
- यदि मकड़ी को जलाया जाये तो वो बारूद की तरह फट जायगी।
- मानव गर्भनिरोधक गोलियां गोरिल्ला पर भी काम करती है।
- क्या आपको पता है कि, अरेबिक नुमराल सिस्टम का भी खोज भारत में ही हुआ था।
- मच्छर के मुंह में 47 दांत होते हैं।
- अमेरिका के मूल निवासी अपने बच्चों का पहला नाम उस चीज के नाम पर रखते हैं जिस चीज को वह अपने घर से बाहर निकलते ही सबसे पहले देखता है।
- पक्षियों में केवल तोता ही ऐसा पक्षी है जो जम्हाई लेता है।
- अगर हम सूर्य को एक क्रिकेट की गेंद मान ले तो पृथ्वी का आकर एक धूल के कण के बराबर होगा।
- तेंदुआ अँधेरी रात में भी अच्छी तरह से देख सकता है।
- क्या आपको पता है कि, हमारे देश मे डॉल्फिन मछली को नहीं पकड़ा जा सकता है, ये एक जुर्म है।
- गस्त माह में सबसे ज्यादा बच्चे पैदा होते हैं।
- पश्चिमी अफ्रीका के माध्यमिक जनजाति के लोग मर चुके मानव की खोपड़ी का इस्तेमाल फुटबॉल खेलने में करते हैं।

## राशिफल

**मेष:** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर भी जा सकते हैं।

**वृष:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी अपनी भावनाओं को वश में रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार के लिए सचेत रहें।

**मिथुन:** मन अशान्त रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। किसी सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं। निवेश लाभप्रद रहेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिल सकता है।

**कर्क:** आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से धन मिल सकता है।

**सिंह:** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता के सहयोग से मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**कन्या:** आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए परिवार से दूर किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**तुला:** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृश्चिक:** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**धनु:** मन थोड़ा परेशान तो रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**मकर:** मन परेशान रहेगा, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ:** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। मन परेशान रहेगा। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**मीन:** आत्मविश्वास तो रहेगा, परन्तु मन परेशान भी हो सकता है। आत्मसंयत रहें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

## चुटकुले

संता ने बंता से पूछा- तू लड़की देखने गया था, क्या लड़की पसंद नहीं आई? शादी क्यों तोड़ दी?
बंता- यार लड़की तो सुंदर थी लेकिन उसका कोई ब्वॉयफ्रेंड नहीं था... संता- तो?
बंता- जो आज तक किसी की न हो सकी, वो मेरी क्या होगी? मैं तो शादी उसी लड़की से करूंगा जिसका ब्वॉयफ्रेंड हो!

---

चिंटू-पिंटू आपस में बात कर रहे थे...
चिंटू- एक लॉजिक मैं आज तक समझ नहीं पाया,
पिंटू - क्या?
चिंटू- धीरे बोलो दीवारों के भी कान होते हैं, मान लो कान होते भी हैं तो जुबान तो नहीं होती ना, सुन भी लिया तो किसी को कैसे बताएंगे?

---

पति- मुझे अजीब सी बीमारी है। मेरी बीवी जो बोलती है मुझे सुनाई नहीं देता है।
डॉक्टर- यह बीमारी नहीं है तुम पर भगवान की कृपा है।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

## करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# मनिका बत्रा को क्यों नहीं मिला मुख्य टीम में मौका?



- मनिका बत्रा ने साल 2018 के जकार्ता एशियाई खेलों में शरत कमल के साथ मिश्रित युगल (मिक्सड डबल्स) में कांस्य पदक जीता था।

## स्टार खिलाड़ी ने उठाए सवाल; पीएम से की यह अपील

**नई दिल्ली।** भारत की स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने एशियाई खेल 2026 की मुख्य टीम से खुद को बाहर किए जाने पर सार्वजनिक रूप से गंभीर सवाल उठाए हैं। चयन प्रक्रिया पर गहरी निराशा व्यक्त करते हुए उन्होंने इसमें अधिक पारदर्शिता की मांग की है। 31 वर्षीय इस ओलंपियन खिलाड़ी को टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा गुरुवार को घोषित 10 सदस्यीय दल में रिजर्व खिलाड़ियों की सूची में जगह दी गई है। इसके एक दिन बाद शुक्रवार को मनिका ने इस फैसले पर अपनी कड़ी आपत्ति जताई।

मनिका बत्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी चिंताएं साझा करते हुए लिखा ₹एशियाई खेल 2026 की टीम में मेरा चयन न होना बेहद निराशाजनक है और इसके लिए मुझे कोई विशिष्ट कारण भी नहीं बताया गया है। चयन की निरंतरता पर सवाल उठते हैं, क्योंकि पिछले चयन चक्र की तुलना में मेरे मामले में अलग-अलग पैमानों और विचारों को लागू किया गया है। यदि पिछले एशियाई खेलों के चयन वाले नियम ही यहां भी लागू होने चाहिए थे, तो ऐसा क्यों हुआ?

उन्होंने अपनी बात खत्म करते हुए सीधे देश के शीर्ष नेतृत्व से गुहार लगाई ₹मैंने इस चयन प्रक्रिया पर स्पष्टीकरण मांगा है और माननीय प्रधानमंत्री, माननीय खेल मंत्री और भारतीय ओलंपिक संघ से सम्मानपूर्वक अनुरोध करती हूं कि वे इस मामले को देखें और चयन मानदंडों के निष्पक्ष अनुप्रयोग व पारदर्शिता को सुनिश्चित करें।

टीटीएफआई ने इस टीम का चयन एक खास नीति के आधार पर किया है। इस नीति के तहत राष्ट्रीय रैंकिंग को 50 प्रतिशत, विश्व रैंकिंग को 40 प्रतिशत और चयन समिति के विशेषाधिकार (विवेक) को 10 प्रतिशत का वेटेज (महत्व) दिया जाता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की दूसरी सबसे ऊंची रैंकिंग वाली महिला एकल खिलाड़ी होने के बावजूद मनिका मुख्य टीम में जगह बनाने में असफल रहीं। इसकी मुख्य वजह घरेलू टूनार्मेंटों में उनकी अनुपस्थिति रही, जिससे उनकी राष्ट्रीय रैंकिंग प्रभावित हुई।

### एशियाई खेलों में मनिका का रहा है ऐतिहासिक रिकॉर्ड

भारत की सबसे सफल टेबल टेनिस खिलाड़ियों में से एक मनिका बत्रा ने एशियाई खेलों में देश को ऐतिहासिक सफलता दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने साल 2018 के जकार्ता एशियाई खेलों में शरत कमल के साथ मिश्रित युगल (मिक्सड डबल्स) में कांस्य पदक जीता था। इस महाद्वीपीय खेल आयोजन में भारत के अन्य टेबल टेनिस पदकों की बात करें तो, इसमें 2018 में पुरुष टीम का कांस्य और हांग्जो 2023 में सुतीर्था मुखर्जी और अयहिका मुखर्जी द्वारा महिला युगल में जीता गया कांस्य पदक शामिल है। बता दें कि ऐची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों की टेबल टेनिस प्रतियोगिताएं इस साल 20 से 28 सितंबर तक आयोजित की जानी हैं।

### एशियाई खेलों के लिए भारतीय टेबल टेनिस टीम

महिला टीम की कमान देश की टॉप खिलाड़ी स्रीजा अकुला के हाथों में होगी, जो वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 45वें स्थान पर हैं। टीम में यशस्विनी घोरपड़े, दिया चिताले, सुतिर्था मुखर्जी और सिंड्रेला दास को भी शामिल किया गया है पुरुष टीम में जी. साथियान, हरमीत देसाई, मानव ठक्कर, मनुष शाह और पयास जैन को जगह मिली है, जबकि अंकर भट्टाचार्य और रोनित भान्जा को रिजर्व रखा गया है। महिला रिजर्व में मनिका बत्रा के साथ स्वास्तिका घोष को भी शामिल किया गया है।

## स्मृति मंधाना ने रचा इतिहास
### टी20 क्रिकेट में 600 चौके लगाने वाली दुनिया की पहली खिलाड़ी, पुरुषों को पछाड़ा



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक ऐसा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है, जिसे अब तक पुरुष या महिला क्रिकेट में कोई भी खिलाड़ी हासिल नहीं कर सका था। मंधाना टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 600 चौके लगाने वाली दुनिया की पहली खिलाड़ी बन गई हैं। उन्होंने यह ऐतिहासिक उपलब्धि महिला टी20 विश्व कप में नीदरलैंड्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले के दौरान हासिल की। हेडिंग्ले में खेले गए इस मैच में मंधाना ने अपनी शानदार बल्लेबाजी से इतिहास रचते हुए 600वां चौका लगाया और टीम की बड़ी जीत में अहम भूमिका निभाई।

### 47 गेंदों में 74 रन की दमदार पारी

पारी की शुरूआत करने उतरी मंधाना ने शानदार अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 47 गेंदों पर 74 रन बनाए। अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने कई आकर्षक चौके जड़े और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने चौकों की संख्या 604 तक पहुंचा दी। मंधाना ने यह उपलब्धि महज 168 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में हासिल की है। उनकी बल्लेबाजी का सबसे बड़ा आधार टाइमिंग, क्लासिक स्ट्रोक्स और मैदान के गैप्स का बेहतरीन इस्तेमाल रहा है।

## चीन के खिलाफ फाइनल में एक गलती पड़ी भारी, भारत को मिला सिल्वर मेडल



**नई दिल्ली।** भारत को शुक्रवार को विश्व टीम स्नूकर चैंपियनशिप के रोमांचक फाइनल में मेजबान चीन 'ए' के हाथों 2-3 से मिली हार से रजत पदक से संतोष करना पड़ा। मुकाबला 2-2 से बराबरी पर था और भारत के आदित्य मेहता निर्णायक फ्रेम में ली चेंगजी के खिलाफ लड़खड़ा गए। वह गलतियों से भरे इस मैच में अहम मौकों का फायदा नहीं उठा पाए। उमस भरे मौसम में दोनों खिलाड़ी संघर्ष कर रहे थे, लेकिन मेहता खिताब के लिए हुए इस निर्णायक मुकाबले में पिछड़ गए। भारत के स्टार खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने चेंगजी के खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत हासिल कर अपनी टीम को शानदार शुरूआत दिलाई। अपनी रणनीतिक समझ के लिए मशहूर आडवाणी ने संयम बनाए रखा और 36 के निर्णायक ब्रेक के साथ उन्होंने फ्रेम अपने नाम किया। मेहता इसके बाद जू जियारुई से 34-66 से हार गए। युगल मुकाबले में आडवाणी और मेहता की भारतीय जोड़ी जियारुई और पैन यिमिंग से हार गई। चीन की जोड़ी ने 32 और 33 के ब्रेक बनाकर 2-1 की बढ़त बना ली। आडवाणी ने एक बार फिर अपने सटीक खेल से भारत की वापसी कराई। 11 बार के राष्ट्रीय चैंपियन ने जियारुई के खिलाफ 82-4 की शानदार जीत में 36, 16 और 17 के ब्रेक बनाए। लेकिन निर्णायक फ्रेम में मेहता अपनी लय नहीं ढूंढ पाए और भारत को जीत नहीं दिला सके।

## कनाडा से 6-0 की हार के बाद फूट-फूटकर रोया कतर का गोलकीपर, विरोधी खिलाड़ी ने पोंछे आंसू



**कतर।** कतर की विश्व कप में कनाडा के हाथों करारी हार से उसके खिलाड़ी और सरकारी खर्चे पर यहां पहुंचे 1000 से अधिक प्रशंसक निराश हो गए तथा अंतिम सीटी बजने के बाद गोलकीपर महमूद अबुनादा फूट-फूटकर रोने लगे, जिन्हें कनाडा के जैकब शैफेलबर्ग ने सांत्वना दी। कतर के कोच जुलेन लोपेटेगुई ने कहा, ह्यह्ययह एक कठिन मैच था, क्योंकि इसमें हमारे लिए कुछ भी अच्छा नहीं रहा।

सब कुछ गलत हुआ। फुटबॉल में कभी-कभी ऐसा होता है। कतर को दूसरे हाफ के अधिकांश समय नौ खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा क्योंकि उसके दो खिलाड़ियों को लाल कार्ड दिखाकर बाहर भेज दिया गया था। आखिर में उसे 6-0 से हार का सामना करना पड़ा, जो फारस की खाड़ी के इस देश की विश्व कप इतिहास में सबसे बुरी हार है।

कतर ने 2022 में मेजबान के रूप में टूनार्मेंट में पदार्पण किया था और तब उसे इक्वाडोर से 2-0, सेनेगल से 3-1 और नीदरलैंड से 2-0 से हार मिली थी। कतर ने इस मैच में अपनी टीम का हौसला बढ़ाने के लिए विशेष चार्टर्ड विमान से लगभग 1000 प्रशंसकों को यहां भेजा था। खिलाड़ियों को उम्मीद थी कि वह उन्हें खुशियां मनाने का मौका देंगे लेकिन सब कुछ इसके उल्टा हुआ।

## फुटबॉल विश्व कप में मेक्सिकन डॉग ओसितो का जलवा





**मेक्सिको।** जैसे-जैसे मेक्सिको सिटी में फुटबॉल विश्व कप का बुखार बढ़ रहा है, टूनार्मेंट के सबसे लोकप्रिय प्रशंसकों में एक खास कुत्ता भी शामिल हो गया है जिसका नाम है 'ओसितो'। ओसितो आठ साल का मिश्रित नस्ल का कुत्ता है जो मेक्सिको के उद्घाटन मैच में अपने मालिक जॉर्ज रैंगल के साथ एक कार्गो साइकिल के पीछे बैठकर पहुंचा। उसने मेक्सिको की जर्सी, धूप का चश्मा और टोपी पहन रखी थी। जब हजारों प्रशंसक टूनार्मेंट के उद्घाटन मैच के लिए स्टेडियम की ओर जा रहे थे तो उनमें से कई लोग ओसितो के साथ तस्वीरें खिंचवाने, उसे प्यार करने और उसके वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करने के लिए रुक गए।

कुछ ही घंटों में ओसितो अंतरराष्ट्रीय प्रसारणों में दिखाई देने लगा और सोशल मीडिया पर छा गया। इस तरह साइकिल की सवारी करने वाला यह कुत्ता विश्व कप का सबसे आकर्षक वायरल सितारा बन गया। इस तरह लोगों का दिल जीतने वालों की सूची में अब मर्लिन नामक बतख के साथ ओसितो भी शामिल हो गया है। रैंगल ने ओसितो को बचाया था और पिछले दो साल से अपने काम के दौरान हर जगह साथ लेकर जाते हैं। वह घर-घर सामान पहुंचाने का काम करते हैं।

ओसितो उनकी कार्गो साइकिल के पीछे बने हिस्से में आराम से बैठता है। रैंगल कहते हैं, वह सिर्फ मेरा कुत्ता नहीं, मेरा सबसे अच्छा साथी है।

अब जबकि विश्व कप का जश्न जारी है, ओसितो के वीडियो लगातार साझा किए जा रहे हैं और उसके साथ तस्वीर खिंचवाने वालों की कतार बनी रहती है। फिर भी हर सुबह रैंगल और ओसितो अपनी साइकिल पर सवार होकर मेक्सिको सिटी की सड़कों पर निकल पड़ते हैं, जहां वे अपना काम जारी रखते हैं, लोगों से मिलते हैं और खुशी के पल बांटते हैं।

## नीरज चोपड़ा ने आईओए के साथ मिलकर शुरू किया डोपिंग विरोधी अभियान
### खिलाड़ियों को करेंगे जागरूक



**नई दिल्ली।** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने भारतीय खेलों में डोपिंग की बढ़ती समस्या से निपटने के लिए एक बड़ी पहल की है। उन्होंने अपनी संस्था 'नीरज चोपड़ा फाउंडेशन' के जरिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के साथ एक सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस खास साझेदारी का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों को डोपिंग के खिलाफ जागरूक करना और उन्हें इस दलदल में फंसने से बचाना है।

### वीडियो संदेश के जरिए की बड़ी घोषणा

शुक्रवार को आयोजित आईओए खिलाड़ी फोरम में नीरज चोपड़ा ने एक विशेष वीडियो संदेश के जरिए नीरज चोपड़ा फाउंडेशन और आईओए के बीच इस संयुक्त अभियान की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए अपने करियर के संघर्षों को भी सामने रखा।

### चिंताजनक हैं आंकड़े

नीरज चोपड़ा की यह पहल इसलिए भी बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत पिछले तीन वर्षों से विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी की सबसे अधिक डोप उल्लंघन करने वाली देशों की सालाना सूची में लगातार शीर्ष (पहले) स्थान पर बना हुआ है। इसी समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए अब नीरज और आईओए मिलकर जागरूकता की इस मुहिम को आगे बढ़ाएंगे।

### साझा किया जूनियर दिनों का संकल्प

इस स्टार एथलीट ने खिलाड़ियों को बाजार में मिलने वाले सप्लीमेंट्स को लेकर भी सतर्क किया। उन्होंने कहा कि कभी-कभी बच्चे अनजाने में ऐसे सप्लीमेंट का सेवन कर लेते हैं जिनमें मिलावट हो सकती है। अपने जूनियर दिनों की यादों को साझा करते हुए नीरज ने कहा, जब मैं जूनियर था, तो जब भी किसी खिलाड़ी पर डोपिंग प्रतिबंध के बारे में सुनता था, तो उसका बर्बाद हुआ समय देखकर मुझे बहुत हैरानी और दुख होता था। मैंने तभी खुद से यह पक्का वादा कर लिया था कि मैं अपने करियर में कभी भी इस गलत रास्ते को नहीं अपनाऊंगा।

### 'ओलंपिक मेडल तक पहुंचने में मुझे 10 साल लगे'

वीडियो संदेश में नीरज चोपड़ा ने युवाओं में धैर्य की कमी पर चिंता जताते हुए कहा मैंने देखा है कि बच्चे बड़े पदक जीतने की होड़ में डोपिंग के जरिए अपना प्रदर्शन बेहतर करना चाहते हैं। लेकिन मैं अपनी खुद की कहानी से आपको बता सकता हूं कि मुझे ओलंपिक पदक तक पहुंचने में पूरे 10 साल की कड़ी मेहनत लगी। उन्होंने आगे कहा कि खेलों में कुछ भी बड़ा हासिल करने के लिए सब्र की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। मैं देख रहा हूं कि आज के बच्चों में इसी सब्र की कमी है। वे हर चीज बहुत जल्दी हासिल करना चाहते हैं। बच्चे चाहते हैं कि वे एक साल में ही 80 मीटर का लक्ष्य पार कर लें, जबकि वास्तव में ऐसा करने में पांच साल का समय लगता है।

## 27 दिन तिहाड़ में...देशभर में बदनामी; आखिर कैसे संभले एस श्रीसंत?



**नई दिल्ली।** भारत को 2007 टी20 विश्व कप और 2011 वनडे विश्व कप जिताने वाली टीम का हिस्सा रहे पूर्व तेज गेंदबाज एस श्रीसंत ने अपने जीवन के सबसे कठिन दौर को लेकर भावुक खुलासा किया है। 2013 के आईपीएल स्पॉट फिक्सिंग मामले में गिरफ्तारी और तिहाड़ जेल में बिताए दिनों को याद करते हुए श्रीसंत ने कहा कि उनकी पत्नी भुवनेश्वरी देवी ने उन्हें मानसिक रूप से टूटने से बचाया।

आईपीएल 2013 में स्पॉट फिक्सिंग के आरोपों के बाद श्रीसंत को राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ियों अजीत चांडीला और अंकित चव्हाण के साथ गिरफ्तार किया गया था। उन्हें दिल्ली पुलिस की हिरासत और फिर तिहाड़ जेल में रहना पड़ा। हालांकि 2015 में अदालत ने उन्हें सभी आरोपों से बरी कर दिया, लेकिन उससे पहले उनका जीवन पूरी तरह बदल चुका था।

### 'अगर वह नहीं होतीं तो शायद मैं जिंदा नहीं रहता'

एक इंटरव्यू में श्रीसंत ने अपनी पत्नी भुवनेश्वरी देवी के बारे में बात करते हुए बेहद भावुक बयान दिया। उन्होंने कहा, 'जब मैं उस दौर से गुजर रहा था, तब मेरे खुद को खत्म न करने की सबसे बड़ी वजह वही थीं। मैंने उनसे 2010 में वादा किया था कि अगर हम 2011 विश्व कप जीतेंगे तो मैं उनसे शादी करूंगा। 2007 में जब वह 10वीं कक्षा में थीं, तभी हमारी मुलाकात हुई थी और 2013 तक हम लगातार संपर्क में रहे। वही सबसे बड़ी वजह थीं कि मुझे जमानत मिली और मैं मजबूत बना रहा।' श्रीसंत ने बताया कि उनकी और भुवनेश्वरी की पहली मुलाकात 2007 में एक स्कूल कार्यक्रम के दौरान हुई थी। इसके बाद अलग-अलग मौकों पर मुलाकातें होती रहीं और दोनों के बीच रिश्ता मजबूत होता गया। आखिरकार 2013 में जमानत मिलने के बाद दोनों ने सगाई की और उसी साल शादी भी कर ली।

### '27 दिन तिहाड़ में रहकर जिंदगी को नए नजरिए से देखा'

पूर्व भारतीय गेंदबाज ने बताया कि जेल के दिनों ने उन्हें जिंदगी की असली कठिनाइयों का एहसास कराया। उन्होंने कहा, 'दिल्ली पुलिस की हिरासत में बिताए 12 दिन और तिहाड़ जेल के 27 दिन ने मुझे यह समझाया कि आम जिंदगी में आने वाली परेशानियां कुछ भी नहीं हैं। वहां मैंने देखा कि लोग वर्षों तक मुकदमों का इंतजार करते रहते हैं। उस घटना ने मुझे मानसिक रूप से और मजबूत बनाया।'

### परिवार भी था चिंता की वजह

श्रीसंत ने बताया कि उस समय उन्हें अपने माता-पिता और परिवार की सबसे ज्यादा चिंता थी। मीडिया में लगातार नाम आने से परिवार पर भी भारी दबाव था। उन्होंने कहा, 'उस समय मैं अपनी मां, पिता, भतीजे और भतीजी के बारे में सोचता रहता था। मैंने उन्हें स्कूल तक नहीं जाने दिया था। लगभग एक महीने तक पूरे देश का ध्यान सिर्फ मुझ पर था।'

### खलनायक बना दिया गया था

श्रीसंत के मुताबिक, उस दौर में उन्हें देशभर में खलनायक की तरह पेश किया जा रहा था। लेकिन उनकी पत्नी और ससुराल वालों ने कभी उनका साथ नहीं छोड़ा। यही समर्थन उन्हें मुश्किल हालात से बाहर निकालने में सबसे बड़ी ताकत बना। विश्व कप विजेता खिलाड़ी की यह कहानी बताती है कि मैदान पर सफलता हासिल करने वाले खिलाड़ी भी निजी जिंदगी में कितने बड़े संघर्षों से गुजरते हैं और कई बार परिवार का साथ ही उन्हें टूटने से बचाता है।

## फीफा विश्वकप में चले घूंसे!: फुटबॉलर के पैर की हड्डियां टूटीं, स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर गए



**कनाडा।** फीफा विश्व कप 2026 में कतर पर 6-0 की शानदार जीत के बाद जहां कनाडा के खेमे में जश्न का माहौल था, वहीं टीम को एक बड़ा झटका भी लगा। स्टार मिडफील्डर इस्माइल कोने गंभीर चोट के कारण टूनार्मेंट से बाहर हो सकते हैं। कतर के खिलाफ मुकाबले में एक टैकल के दौरान उनके पैर की दो हड्डियां टूट गईं, जिसके बाद उन्हें स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर ले जाना पड़ा। हालांकि, मैच एक और वजह से भी सुर्खियों में रहा। मुकाबले के बाद जश्न की जगह विवाद ने सुर्खियां बटोर लीं। मैदान पर जमकर घूंसे चले। इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है।

### टिबिया और फिबुला दोनों में फ्रैक्चर

कोने को चोट लगने की घटना दूसरे हाफ की शुरूआत में हुई, जब कतर के मिडफील्डर असिम मदीबो ने कोने को चुनौती दी। टक्कर के बाद कनाडाई खिलाड़ी दर्द से मैदान पर गिर पड़े और तुरंत मेडिकल टीम को बुलाना पड़ा। मैच के बाद आई शुरूआती मेडिकल रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि इस्माइल कोने के पैर की टिबिया (पिंडली की मुख्य हड्डी) और फिबुला दोनों में फ्रैक्चर हुआ है। फुटबॉल में इसे बेहद गंभीर चोट माना जाता है और ऐसे मामलों में खिलाड़ियों को लंबे समय तक मैदान से दूर रहना पड़ सकता है। चोट की गंभीरता को देखते हुए मेडिकल स्टाफ ने उन्हें तुरंत स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर पहुंचाया।

जब इस्माइल कोने को स्ट्रेचर पर ले जाया जा रहा था, तब स्टेडियम में मौजूद हजारों दर्शक अपनी सीटों से खड़े हो गए और तालियां बजाकर उनका हौसला बढ़ाया। दर्द में होने के बावजूद कोने ने स्ट्रेचर पर बैठकर दर्शकों का अभिवादन किया। यह पल मैच के सबसे भावुक दृश्यों में से एक बन गया। कतर के खिलाड़ी असिम मदीबो को इस चुनौती के लिए सीधे रेड कार्ड दिखाया गया। रेफरी का फैसला सामने आते ही मदीबो बेहद भावुक हो गए। रिपोर्ट के मुताबिक मदीबो को अपनी टैकल के परिणाम का अंदाजा होते ही गहरा सदमा लगा और वह मैदान पर ही रो पड़े। उनके चेहरे पर साफ दिख रहा था कि उनका किसी को गंभीर रूप से चोट पहुंचाने का इरादा नहीं था।

कोने की जगह मैदान में उतरे नाथन सालिबा ने कुछ ही मिनट बाद शानदार फ्री-किक पर गोल कर कनाडा को और मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। गोल करने के बाद सालिबा ने जर्सी नंबर आठ उठाकर जश्न मनाया, जो इस्माइल कोने का नंबर है। यह जश्न उन्होंने अपने घायल साथी खिलाड़ी को समर्पित किया। इस भावुक पल ने पूरे कनाडाई खेमे को एकजुट कर दिया और दर्शकों ने भी इस सम्मान का जोरदार स्वागत किया।

मैच समाप्त होने के बाद माहौल अचानक गर्म हो गया। कनाडा के कोच जेसी मार्श घरेलू दर्शकों के साथ जीत का जश्न मनाने के बाद कतर के कोच जुलेन लोपेटेगी से हाथ मिलाने पहुंचे, लेकिन दोनों के बीच बातचीत के दौरान तनाव पैदा हो गया। देखते ही देखते दोनों टीमों के खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ टचलाइन के पास आमने-सामने आ गए। कुछ देर तक धक्का-मुक्की और तीखी नोकझोंक का दौर चला। स्थिति बिगड़ती देख सुरक्षाकर्मियों और मैच अधिकारियों ने तुरंत हस्तक्षेप किया और दोनों टीमों को अलग कर मामला शांत कराया। इसका वीडियो भी सामने आया है।

## वेस्टइंडीज की जीत का सिलसिला जारी
## स्कॉटलैंड को सात रनों से हराया



**वेस्टइंडीज।** महिला टी20 विश्व कप 2026 का रोमांच जारी है। गुरुवार को टूनार्मेंट का 12वां मुकाबला ग्रुप-दो की वेस्टइंडीज और स्कॉटलैंड की टीमों के बीच खेला गया। इस मैच में वेस्टइंडीज ने सात रनों से जीत दर्ज की। लीड्स में खेले गए इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी विंडीज टीम ने स्टेफनी टेलर की नाबाद 47 रनों की पारी की मदद से 20 ओवर में छह विकेट पर 153 रन बनाए। जवाब में स्कॉटलैंड की टीम निर्धारित ओवरों में सिर्फ 146 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई। उनके लिए डार्सी कार्टर ने सर्वाधिक 59 रनों की पारी खेली।

### वेस्टइंडीज की पारी

वेस्टइंडीज की शुरूआत बेहद धीमी रही। स्कॉटलैंड के गेंदबाजों ने शुरूआती ओवरों में कसी हुई गेंदबाजी की, जिसके चलते टीम पावरप्ले में सिर्फ 33 रन ही बना सकी। कियाना जोसेफ और कप्तान हेली मैथ्यूज सस्ते में पवेलियन लौट गईं। इसके बाद शेमेन कैंपबेल ने पारी को संभालने का प्रयास किया और 26 गेंदों में 36 रन बनाए। उन्होंने डिएंड्रा डॉटिन (150वां टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच) के साथ तीसरे विकेट के लिए 35 रन जोड़े।

हालांकि, मध्यक्रम के लगातार विकेट गिरने से वेस्टइंडीज की टीम एक समय 85 रन पर पांच विकेट गंवाकर मुश्किल में नजर आ रही थी। ऐसे में जहजारा क्लैक्सटन ने कुछ आक्रामक शॉट लगाए और फिर अनुभवी स्टेफनी टेलर ने अंतिम ओवरों में विस्फोटक बल्लेबाजी की। टेलर ने सिर्फ 19 गेंदों में नाबाद 47 रन बनाए, जिसमें कई शानदार चौके शामिल रहे। स्कॉटलैंड की ओर से कैथरीन फ्रेजर सबसे सफल गेंदबाज रहीं। उन्होंने दो विकेट झटके, जबकि कैथरीन ब्राइस, रैचल स्लेटर और किर्स्टी गॉर्डन को एक-एक सफलता मिली।

### स्कॉटलैंड की पारी

154 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्कॉटलैंड ने शानदार शुरूआत की। कैथरीन फ्रेजर और डार्सी कार्टर ने वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाजों पर आक्रामक अंदाज में रन बटोरे और पहले पांच ओवर में टीम का स्कोर 51 रन तक पहुंचा दिया। हालांकि, छठे ओवर में कप्तान हेली मैथ्यूज ने मैच का रुख बदल दिया। उन्होंने पहले फ्रेजर को आउट किया और फिर दो गेंद बाद कप्तान कैथरीन ब्राइस को पवेलियन भेज दिया। इन दो झटकों के बाद स्कॉटलैंड की पारी लड़खड़ा गई और टीम ने सिर्फ सात रन के भीतर चार विकेट गंवा दिए।

### ग्रुप-दो की अंक तालिका का हाल

लगातार दूसरे मुकाबले में जीत के साथ वेस्टइंडीज की टीम ग्रुप-दो की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। उनके खाते में चार अंक हैं और नेट रन रेट +0.233 का हो गया। वहीं, जीत के साथ टूनार्मेंट में अपने अभियान का आगाज करने वाली स्कॉटलैंड दो अंक और +0.825 के नेट रन रेट के साथ तीसरे पायदान पर है। फिलहाल इस ग्रुप में शीर्ष पर इंग्लैंड की महिला टीम है, जिसने लगातार दो मुकाबलों में बड़े अंतर से जीत दर्ज की है। वहीं चौथे, पांचवें और छठे पायदान पर क्रमशः श्रीलंका, न्यूजीलैंड और आयरलैंड की टीमें हैं।

# गाजियाबाद आसपास




## पार्षद राजीव भाटी के प्रयास से वार्ड-73 शालीमार गार्डन-2 को 9.5 करोड़ की विकास सौगात

### महापौर सुनीता दयाल ने किया दो सड़कों का नारियल तोड़कर उद्घाटन





**- डिवाइडर व इंटरलॉकिंग से होगा आधुनिकीकरण**

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड-73 शालीमार गार्डन-2 को शुक्रवार को बड़ी विकास कार्यों की सौगात मिली। पार्षद राजीव भाटी की अभिलक्षित परियोजना के तहत महापौर सुनीता दयाल ने दो प्रमुख सड़कों के निर्माण व आधुनिकीकरण कार्य का नारियल तोड़कर उद्घाटन किया। शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-2 में शिव चौक से डीएसइ हॉस्पिटल तक मेन रोड का डेंस कार्य कराया जाएगा। इसके तहत सड़क से नाले तक दोनों ओर साइड पटरी पर इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाई जाएंगी और बीच में डिवाइडर का निर्माण व सौंदर्यीकरण होगा। इस कार्य की लागत 1 करोड़ 50 लाख रुपये है। वही 150 फुट रोड का आधुनिकीकरण किया जाएगा। शिव चौक से वजीराबाद रोड तक सड़क से नाले तक साइड पटरी पर इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाई जाएंगी। महापौर ने पार्षद राजीव भाटी के निवेदन पर इस कार्य का भी शुभारंभ किया। इसकी कुल लागत 8 करोड़ रुपये है। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि दोनों परियोजनाओं से वार्ड की यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और जलभराव की समस्या से भी निजात मिलेगी। पार्षद राजीव भाटी ने महापौर का आभार जताते हुए कहा कि वार्ड के विकास के लिए वह लगातार प्रयासरत हैं। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष साईराम नायर, पार्षद प्रतिनिधि युग गुर्जर, राजेश ओबेरॉय, रामबीर शर्मा, गौरव सिंह, नवनीत शर्मा, रविकेश श्रीवास्तव, ऊषा गोविल, शिशिर भौमिक, व्यापार मंडल अध्यक्ष नीरज त्यागी, गजराज भाटी, हरिदत्त, बीएस राजपूत, सुनीत खुराना आदि क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## लोनी में किसी भी अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : विधायक नंदकिशोर गुर्जर

### लोनी में अवैध मीट की दुकानों को खाद्य पंजीकरण प्रदान करने पर जांच की मांग

**एयरक्राफ्ट ऑर्डिनेंस के बावजूद नियमाविरुद्ध तहसील के फूड इंस्पेक्टर ने जारी किए लाइसेंस**



**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के आयुक्त को पत्र भेजकर लोनी क्षेत्र में संचालित अवैध मीट कारोबार एवं नियमों के विपरीत जारी किए गए खाद्य पंजीकरणों की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि लोनी क्षेत्र में पशु वध प्रतिबंधित होने के बावजूद अवैध मीट कारोबार की शिकायतें मिल रही हैं। साथ ही कुछ प्रतिष्ठानों को संबंधित विभागों के आवश्यक एनओसी के बिना खाद्य निरीक्षक देवांश के द्वारा खाद्य पंजीकरण जारी किए जाने के मामले को लोनी विधायक ने चिंताजनक बताया। नंदकिशोर गुर्जर ने खाद्य निरीक्षक के कार्यकाल में जारी सभी पंजीकरणों की समीक्षा, दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई तथा जनहित में निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करते हुए दूरस्थ ट्रांसफार्मर को कहा है। विधायक ने कहा कि लोनी में किसी भी अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## वार्ड-36 फ्रेंड्स कॉलोनी में 2.25 करोड़ से बनेंगी सड़क-नालियां, महापौर सुनीता दयाल ने किया उद्घाटन

**रैंप-अतिक्रमण हटाकर होगा काम**

### पार्षद प्रतिमा शर्मा के प्रयास से सेक्टर-12 में नारियल तोड़कर शुरू हुआ निर्माण कार्य





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड-36 सेक्टर-12 फ्रेंड्स कॉलोनी में शुक्रवार को आंतरिक सड़कों और नालियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ। महापौर सुनीता दयाल ने नारियल तोड़कर कार्य का उद्घाटन किया। पार्षद प्रतिमा शर्मा ने शॉल व पुष्पगुच्छ भेंट कर महापौर का स्वागत किया। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष नीरज शर्मा, पूर्व अध्यक्ष विशाल चौधरी, सचिव सतीश गोयल, महिला मंडल से अनीता गौड़, ममता रावल, सुनैना सिंह, किरण, सुनीता शर्मा, रेणु सिंह, पूनम शर्मा सहित प्रेमसागर शर्मा, महेंद्र सिंह, सतबीर यादव, विमल वालिया, राजेन्द्र शर्मा, सुंदर शर्मा, एच. कुमार, संजय, श्रीकृष्ण डुडेला, सुमन कुमार वार्ष्णेय, सुनील यादव, रिंकू पंडित, संतराम प्रजापति, जावेद खान, बॉबी सिंह, पवन शर्मा समेत बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी मौजूद रहे।

महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि पार्षद प्रतिमा शर्मा के लगातार अनुरोध पर 15वें वित्त आयोग के बजट से लगभग 2 करोड़ 25 लाख रुपये की लागत से टेंडर कर कार्य शुरू कराया गया है। लंबे समय से टूटी सड़क-नालियों से निवासियों को परेशानी थी। अब सभी रैंप व अतिक्रमण हटाकर ढलान व गुणवत्ता के साथ निर्माण होगा, जिससे ठेकेदार व निगम स्टाफ को भी दिक्कत नहीं आएगी। निवासियों व पार्षद प्रतिमा शर्मा ने कार्य शुरू कराने पर महापौर का आभार जताया।

## अधिशासी अधिकारी ने योग दिवस व मोहर्रम की तैयारियों का लिया जायजा





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** नगर पालिका परिषद खोड़ा-मकनपुर के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ल ने शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं मोहर्रम पर्व की तैयारियों को लेकर क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण की शुरूआत अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए चयनित योग स्थल सेंट एंटोनी स्कूल से हुई। ईओ ने वहां साफ-सफाई, पेयजल, छाया व बैठने की व्यवस्था का जायजा लिया और संबंधित कर्मचारियों को समय से सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए।

इसके बाद उन्होंने मोहर्रम के मद्देनजर कब्रिस्तान परिसर का निरीक्षण किया।

वहां साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था व रास्तों को दुरुस्त करने के आदेश दिए गए ताकि ताजियादारों को कोई असुविधा न हो। ईओ ने सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति देखी और नियमित सफाई व पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। वाहन डिपो पहुंचकर उन्होंने कूड़ा उठाने वाले वाहनों की मरम्मत व उपलब्धता की समीक्षा की। साथ ही निमार्णाधीन एसटीपी प्लांट का भी निरीक्षण कर कार्यदायी संस्था को कार्य में तेजी लाने और गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी शुक्ल ने कहा कि त्योहारों और आयोजनों में नागरिकों को बेहतर सुविधाएं देना पालिका की प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान सफाई निरीक्षक व अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## विजयनगर की गांजा लेडी तस्कर गिरफ्तार साथी समेत 4.2 किलो गांजा बरामद

### ऑपरेशन प्रहार के तहत विजय नगर पुलिस की कार्रवाई, कॉलेज छात्रों तक होती थी सप्लाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत विजयनगर पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक महिला गांजा तस्कर और उसके साथी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 4 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा और 1300 रुपये नकद बरामद किए हैं।

बरामद गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक लाख रुपये बताई जा रही है। डीसीपी धवल जायसवाल के अनुसार गिरफ्तार महिला की पहचान दीपा (31 वर्ष) व उसके साथी की पहचान अजय कुमार के रूप में हुई है। दोनों लंबे समय से विजयनगर थाना क्षेत्र के माधोपुर इलाके में अवैध गांजे की सप्लाई का नेटवर्क चला रहे थे। आरोपियों द्वारा मांग के अनुसार गांजे की छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर विभिन्न इलाकों में सप्लाई की जाती थी। जांच में सामने आया है कि आरोपी कॉलेज छात्रों और युवाओं को भी नशे की लत लगाने के लिए गांजे की आपूर्ति करते थे। पुलिस को आशंका है कि दोनों आरोपी विजयनगर क्षेत्र के कई युवाओं और छात्रों तक मादक पदार्थ पहुंचाने का काम कर रहे थे।




#### पूछताछ में हुआ खुलासा, थाना प्रभारी ने लिया एक्शन

**करंट क्राइम :** डीसीपी सिटी धवल जायसवाल और एसीपी कोतवाली उपासना पांडेय ने बताया कि थाना प्रभारी विजयनगर धर्मपाल सिंह की टीम द्वारा गिरफ्तार महिला से पूछताछ की गई। पूछताछ में दीपा ने स्वीकार किया कि वह गांजा खरीदकर उसकी छोटी-छोटी पुड़िया तैयार करती थी और उन्हें रेलवे स्टेशन, आर्मी ग्राउंड तथा आसपास के क्षेत्रों में बेचती थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

#### नशा तस्करों पर जारी रहेगा प्रहार : सीपी

**करंट क्राइम :** पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देश पर पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में ऑपरेशन प्रहार लगातार चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध बिक्री में शामिल अपराधियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करना है। पुलिस का कहना है कि नशे के कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## तनिष्क में सेंध लगाकर गर्लफ्रेंड को दिखा रहा था अमीरी के सपने, पुलिस ने प्रेम कहानी का कर दिया द एंड

### 25-25 हजार के इनामी चिंटू और उसकी गर्लफ्रेंड गिरफ्तार, लाखों का सोना और नकदी बरामद

**डीसीपी सिटी ने खुलासा करने वाली टीम को दिया 50 हजार रुपये का इनाम, मामले में 100 प्रतिशत रिकवरी का दावा**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कविनगर थानाक्षेत्र स्थित आरडीसी परिसर के तनिष्क शोरूम में हुई करोड़ों रुपये की चोरी के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने इस बहुचर्चित चोरी कांड में फरार चल रहे 25-25 हजार रुपये के दो इनामी आरोपियों चितरंजन कुमार उर्फ वरुण उर्फ चिंटू और उसकी प्रेमिका सोनिया को गिरफ्तार कर लिया है।

दोनों पर पुलिस ने इनाम घोषित कर रखा था और लंबे समय से उनकी तलाश की जा रही थी। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी चितरंजन कुमार मूल रूप से मोदीनगर के कस्बा रोड क्षेत्र का रहने वाला है और पिज्जा शॉप संचालित करता था। उसकी प्रेमिका सोनिया किसी प्रकार का काम नहीं करती थी।

पूछताछ में सामने आया कि चिंटू अपनी प्रेमिका को खुद को बड़ा कारोबारी और मोटी कमाई करने वाला व्यक्ति बताता था। गर्लफ्रेंड के सामने अपनी झूठी शान बनाए रखने और उसके महंगे शौक पूरे करने के लिए उसने तनिष्क शोरूम में हुई चोरी की साजिश में भागीदारी की।

#### सीसीटीवी और सर्विलांस ने खुला राज

**करंट क्राइम :** पुलिस के अनुसार चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी लगातार ठिकाने बदल रहे थे, लेकिन सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और सर्विलांस की मदद से उनकी गतिविधियों का पता लगाया गया। इसके बाद पुलिस टीम ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से लाखों रुपये कीमत का सोना, सोना गलाने में प्रयुक्त फ्रेम सिलेंडर, कुठनी, सोना पिघलाने का पात्र, छोटी संडासी तथा पांच हजार रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि चोरी के माल को ठिकाने लगाने और उसकी पहचान मिटाने के लिए आरोपियों ने सोने को गलाने की भी कोशिश की थी।

#### पहले ही जेल जा चुके हैं मुख्य आरोपी और उसके परिजन

**करंट क्राइम :** इस मामले में पुलिस पहले ही आरोपी नितिन, उसकी प्रेमिका और उसके पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अब चिंटू और सोनिया की गिरफ्तारी के बाद पुलिस का दावा है कि चोरी की वारदात में शामिल सभी प्रमुख डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने बताया कि तनिष्क शोरूम में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने लगभग 4.50 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के सोने और अन्य सामान की बरामदगी की है। पुलिस का दावा है कि इस मामले में लगभग शत-प्रतिशत रिकवरी कर ली गई है, जो गाजियाबाद पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि है।

#### खुलासा करने वाली टीम को 50 हजार रुपये का इनाम

**करंट क्राइम :** मामले का सफल खुलासा करने और बड़ी बरामदगी करने वाली पुलिस टीम को डीसीपी सिटी ने 50 हजार रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि पूरे ऑपरेशन में थाना कविनगर पुलिस और नगर जोन की सर्विलांस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विशेष रूप से सब इंस्पेक्टर राकेश यादव और सब इंस्पेक्टर सुमित की टीम ने लगातार मेहनत कर आरोपियों तक पहुंचने में अहम योगदान दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि तकनीकी जांच, सतर्क निगरानी और टीमवर्क के दम पर जिले की सबसे चर्चित चोरी की वारदातों में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर करोड़ों रुपये का माल बरामद किया गया है। इससे न केवल पुलिस की जांच क्षमता साबित हुई है बल्कि अपराधियों को भी कड़ा संदेश गया है कि कानून से बचना आसान नहीं है।




## यहां कब होगी पास के जिले जैसी कार्रवाई

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अधिकारियों की फौज होती जा रही है। तो नीचे वाले पुलिसकर्मियों की मौज हो रही है। कहा जा रहा है कि भले लाख मीटिंग और कई स्तर पर कार्रवाई हुई है लेकिन पुलिसकमियों पर तनाव वाला सीन भी नजर आ रहा है। बीते दिनों क्रांति की धरा से एक कप्तान साहब की जो तस्वीर आई हैं, ऐसी तस्वीरें पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम से कब आएंगी और ऐसी जांच पड़ताल हो गई तो कितनों पर कार्रवाई की जाएगी कहना बड़ा मुश्किल है। वैसे पुलिस सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से मेरठ में साहब ने महिला थाने का निरीक्षण किया, तो पोल खुल गई। पुलिस कमिश्नरेट के लिए कहा जा रहा है कि अगर यहां के पिंक बूथ का और आसपास के कुछ थानों के कार्यालय में जांच वाला सीन हो जाए, तो हालात और थानों की पोल खुल जाएगी। अब बताया जा रहा है कि जिस तरीके से पिंक बूथ को महिला पीड़ितों के न्याय का केंद्र बनाया गया था, ऐसा होता नजर नहीं आ रहा है। वर्तमान में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बड़ी संख्या में पिंक बूथ हैं लेकिन कुछ की हालत तो बेहद दैनीय बताई जा रही है। वहीं आखिरी मीटिंग में जो दिशा निर्देश दिए गए थे, शायद उनका भी अभी तक पालन नहीं हुआ है। वही सुनने में आया है कि यातायात वाले एसीपी ने अपनी रवानगी दूसरे जिले में कर ली है। वह जल्द ज्वाइन कर लेंगें, तो वहीं जिस तरीके से उनके जाने और एक एसीपी के ट्रैफिक से सिविल में आने के बाद ट्रैफिक में फिर बाद मामला फंस सकता है, वैसे भी ट्रैफिक के हाल और हालात किसी से छुपे नहीं हैं। प्रमुख रेड लाइट पर समय बढ़ता जा रहा है और जाम की स्थिति बढ़ती जा रही है। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में वर्तमान में ट्रैफिक सुधर नहीं रहा है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जिस तरीके से सिटी के एक सर्किल में दोनों थ्री-स्टार का मामला टाइट चल रहा है। कहा जा रहा है कि आने वाले दिनों में अगर कार्रवाई वाला करंट लगा तो दोनों को ठिकाने लगाया जा सकता है। कुल मिलाकर देखना होगा की कांवड़ यात्रा से पहले पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में क्या बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे।




## जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा, गाजियाबाद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और टीम का भव्य शपथ ग्रहण समारोह संपन्न






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** तेरापंथ के प्रतिष्ठित ध्यान योगी परम पूज्य आचार्यश्री महाश्रमण जी के समर्पित शिष्य मुनिश्री जयकुमार जी ठाणा-3 के पावन सान्निध्य में, जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा, गाजियाबाद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और उनकी कार्यकारिणी टीम का शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार को तेरापंथ भवन, सूर्य नगर, गाजियाबाद में अत्यंत गरिमामय और उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया।

समारोह में उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए मुनिश्री जयकुमार जी ने मार्गदर्शन प्रदान किया और कहा, किसी भी संगठन की नींव उसके कार्यकर्ताओं के आपसी समन्वय और विनम्र व्यवहार पर टिकी होती है; नई टीम को पूरी ऊर्जा, आपसी सद्भाव और समर्पण के साथ समाज कल्याण को अपना एकमात्र उद्देश्य बनाना चाहिए। आचार्यश्री के सिद्धांतों को जीवन में आत्मसात कर किया गया कार्य समाज को वास्तविक प्रगति की ओर ले जाएगा। इस पावन वातावरण में, नवनिर्वाचित अध्यक्ष भीखम चंद सुराना ने अपनी पूरी टीम के साथ धर्मसंघ की गरिमा के तहत निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करने की औपचारिक शपथ ली।

कार्यक्रम की शुरूआत विशेष 'भक्तामर अनुष्ठान' के साथ हुई। इस आध्यात्मिक प्रक्रिया के बाद, सांस्कृतिक प्रभारी जय सिंह दुग्गड़ और सभा के अन्य सहयोगियों द्वारा 'सभा गान' प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि अणुव्रत विश्व भारती सोसाइटी के मुख्य ट्रस्टी तेज करण सुराना; जैन श्वे. तेरापंथी महासभा के उपाध्यक्ष एस. खाटेड़; जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा दिल्ली के अध्यक्ष विमल कुमार बेगानी और सचिव प्रदीप संचेती के साथ कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का सफल संचालन रमेश बेगानी ने किया और सचिव अशोक बैद ने आभार व्यक्त किया। 'नवनिर्वाचित अध्यक्ष भीखम चंद सुराना और उनकी पूरी कार्यकारिणी ने निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करने, संगठन को और मजबूत करने और तेरापंथ धर्मसंघ के उच्च आदर्शों के अनुसार कार्य करने की औपचारिक शपथ ली।

इस अवसर पर उपस्थित समाज के सभी प्रमुख सदस्यों ने नई टीम को हार्दिक बधाई दी और उनके सफल एवं उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं।' सह-सचिव हरीश जैन बरड़िया ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह में दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों से तेरापंथ समाज के बड़ी संख्या में सदस्य, पदाधिकारी और प्रमुख नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और अंत में सभी अतिथियों और आगंतुकों ने नवनिर्मित टीम को अपनी शुभकामनाएं दीं।

## आईएमएस गाजियाबाद में 'स्मार्ट हेल्थकेयर मैनेजमेंट' पर ऑनलाइन एमडीपी आयोजित




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईएमएस गाजियाबाद (यूनिवर्सिटी कोर्सेस कैंपस) द्वारा 'स्मार्ट हेल्थकेयर मैनेजमेंट: टेक्नोलॉजी, पॉलिसी और प्रैक्टिस का एकीकरण' विषय पर एक दिवसीय ऑनलाइन मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम (एमडीपी) का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देशभर से डॉक्टरों, शिक्षाविदों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों सहित 200 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। उद्घाटन सत्र में दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रोफेसर डॉ. रितु कुलश्रेष्ठ ने क्लिनिकल प्रथाओं में डिजिटल और उन्नत तकनीकों के समन्वय पर जोर दिया। वहीं तकनीकी सत्रों में विगोरस हेल्थटेक के एमडी श्री चिराग गोयल और सीटीओ श्री भारत कुमार दीक्षित ने भारतीय स्वास्थ्य क्षेत्र की चुनौतियों व संभावनाओं पर चर्चा की।

कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य सेवाओं को 'रिएक्टिव' (बीमारी के बाद इलाज) से बदलकर 'प्रिवेंटिव' (निवारक) मॉडल पर ले जाने की आवश्यकता बताई। इसके लिए एआई (अक), वेयरेबल तकनीकों और एबीडीएम डेटा लेयर के उपयोग पर विशेष बल दिया गया। संस्थान की निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) जसकिरन कौर ने इसे रोगी-केंद्रित व्यवस्था के लिए जरूरी बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. तृप्ति सिंह, डॉ. संध्या शर्मा व श्री आशीष भटनागर ने किया तथा समापन डॉ. सुरभि जोहरी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम

**Dinesh Kumar Goel** · Follow
5h

आज ग्राम तिलपता, ग्रेटर नोएडा में झिड़ी मन्दिर आश्रम पर आयोजित विशाल भण्डारे में सम्मिलित होकर श्री सिद्ध बाबा महाराज एवं झिड़ी वाले बाबा जी का आशीर्वाद लिया। भण्डारे का प्रसाद ग्रहण कर आत्मिक शांति मिली।

बाबा की कृपा सभी भक्तों पर बनी रहे। ग्रामवासियों एवं आयोजन समिति प्रदीप भाटी जी, प्रवीण भाटी जी, पार्षद कविता भाटी जी द्वारा किए गए सुंदर प्रबंध के लिए हार्दिक बधाई।



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एमएलसी दिनेश गोयल की ये खूबी है कि वो हमेशा अपनों की हर खुशी में शामिल होते हैं। अपनों की खुशी को साझा करते हैं और अपनों की खुशी में खुश होते हैं। ग्रेटर नोएडा के तिलपता गांव में आयोजित विशाल भंडारे में पहुंचे। श्रीसिद्ध बाबा तथा झिड़ी वाले बाबा का आशीर्वाद लिया। आयोजकों का आभार व्यक्त किया और इस पर को फेसबुक पर साझा किया। एमएलसी दिनेश गोयल की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# टेलीग्राम पर पेपर माफिया चैनल में बिक रहा था री-नीट का फर्जी प्रश्नपत्र,वीपीएन से छिपाई पहचान

**भीलवाड़ा।** री-नीट परीक्षा से तीन दिन पहले भीलवाड़ा पुलिस ने टेलीग्राम पर पेपर माफिया चैनल चलाकर फर्जी प्रश्नपत्र बेचने वाले 19 वर्षीय छात्र को गिरफ्तार किया है। आरोपी अभ्यर्थियों से प्रति पेपर 4 हजार रुपये वसूलता था। पुलिस बैंक खातों, मोबाइल डेटा और नेटवर्क की जांच कर रही है।




री-नीट परीक्षा से महज तीन दिन पहले भीलवाड़ा पुलिस ने फर्जी पेपर बेचने वाले एक छात्र को गिरफ्तार कर बड़ा खुलासा किया है। आरोपी टेलीग्राम चैनल के माध्यम से अभ्यर्थियों को असली प्रश्नपत्र देने का झांसा देकर ठगी कर रहा था। पुलिस ने उसके कब्जे से मोबाइल फोन, नीट की तैयारी संबंधी किताब और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपी की पहचान 19 वर्षीय आकाश चौधरी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार उसे गुरुवार देर रात पटेल नगर स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया। आकाश वर्तमान में जयपुर में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था।

**पेपर माफिया नाम से बना रखा था टेलीग्राम चैनल :** पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी ने टेलीग्राम पर ह्यपेपर माफियाह्ण नाम से एक चैनल बना रखा था, जिससे 52 सदस्य जुड़े हुए थे। वह री-नीट परीक्षा का कथित प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने का दावा करते हुए प्रत्येक अभ्यर्थी से चार-चार हजार रुपये वसूलता था। भुगतान के लिए आरोपी छात्रों को क्यूआर कोड भेजता था और राशि अपने बैंक खाते में ट्रांसफर करवाता था।

**एस-मेक पोर्टल से मिली थी सूचना :** प्रताप नगर थाना प्रभारी सुनील ताड़ा ने बताया कि भारत सरकार के एस-मेक पोर्टल के माध्यम से एसपी कार्यालय की विशेष शाखा को सोशल मीडिया पर संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिली थी। इसके साथ ही जिला स्पेशल टीम को भी इनपुट मिला कि पटेल नगर क्षेत्र में रहने वाला एक युवक ऑनलाइन माध्यम से फर्जी प्रश्नपत्र बेच रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने देर रात कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान उसने टेलीग्राम चैनल के जरिए गतिविधियां संचालित करने की बात स्वीकार की।

**पहचान छिपाने के लिए VPN और प्रॉक्सी नेटवर्क का इस्तेमाल :** पुलिस के अनुसार आरोपी अपनी पहचान छिपाने के लिए अमेरिका आधारित वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (श्ढठ) और प्रॉक्सी नेटवर्क का उपयोग कर रहा था। इसी तकनीक के जरिए वह टेलीग्राम अकाउंट संचालित कर अभ्यर्थियों से संपर्क करता था।

तलाशी के दौरान पुलिस ने उसका मोबाइल फोन, नीट की तैयारी संबंधी किताब और कई दस्तावेज जब्त किए। जांच में पता चला कि आरोपी किताब के पन्नों को स्कैन कर डमी प्रश्नपत्र तैयार करता था और उन्हें असली परीक्षा पेपर बताकर छात्रों को भेजता था।

**बैंक खातों और नेटवर्क की जांच जारी :** पुलिस के मुताबिक, आकाश चौधरी मूल रूप से चूरू जिले के रावतसर क्षेत्र से जुड़े परिवार का है। उसका परिवार पिछले करीब 25 वर्षों से भीलवाड़ा में रह रहा है। स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए जयपुर चला गया था और हाल ही में वापस भीलवाड़ा लौटा था। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी, फर्जी प्रश्नपत्र बेचने, आईटी एक्ट और सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

---

**छत्तीसगढ़ में हैवानियत की हदें पार!**

# कोरिया में पति ने पत्नी का मुंडन कर पिलाया पेशाब, मुंह काला कर की बर्बरता

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले के करंजी से मानवीय संवेदनाओं को झकझोर देने वाला मामला सामने आया है, जहां पति ने अपनी पत्नी पर चरित्र शंका के चलते हैवानियत की सारी हदें पार कर दीं। इस घटना ने समाज को झकझोर कर रख दिया है और रिश्तों की पवित्रता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।



वैवाहिक रिश्तों में संदेह और अविश्वास की दीवारें कई बार इतनी ऊंची हो जाती हैं कि वे न केवल प्रेम और विश्वास को खत्म कर देती हैं, बल्कि इंसानियत को भी शर्मसार कर देती हैं। छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले के करंजी से मानवीय संवेदनाओं को झकझोर देने वाला मामला सामने आया है, जहां पति ने अपनी पत्नी पर चरित्र शंका के चलते हैवानियत की सारी हदें पार कर दीं। इस घटना ने समाज को झकझोर कर रख दिया है और रिश्तों की पवित्रता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्रूरता की पराकाष्ठा यह घटना करंजी की रहने वाली तारा सारथी के साथ हुई। वर्ष 2006 में तारा का विवाह जितेंद्र के साथ हुआ था। शुरूआती वर्षों में उनका वैवाहिक जीवन सुखमय रहा और दोनों के चार बच्चे भी हुए। हालांकि, कुछ समय से दोनों के रिश्तों में खटास आ गई थी और वे अलग रह रहे थे। पति जितेंद्र अपनी पत्नी तारा पर अन्य रिश्तेदारों के साथ अवैध संबंध होने का आरोप लगा रहा था, वहीं तारा अपने पति पर किसी अन्य महिला से संबंध रखने का आरोप लगा रही थी।

---

# तबादलों से हटा बैन 5 जुलाई तक होंगे ट्रांसफर



**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के तबादलों पर लगी रोक 5 जुलाई तक हटा दी है। एकल महिला, विधवा और गंभीर बीमार कर्मचारियों को प्राथमिकता मिलेगी। ग्रेड थर्ड शिक्षक और चिकित्सा कर्मी इससे बाहर रहेंगे।

राजस्थान सरकार ने लंबे इंतजार के बाद सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों के तबादलों पर लगी रोक हटा दी है। कार्मिक विभाग ने आदेश जारी कर 20 जून से 5 जुलाई तक ट्रांसफर-पोस्टिंग की अनुमति दे दी है। इसके साथ ही पिछले कई महीनों से तबादला सूची का इंतजार कर रहे कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच चल रही अटकलों पर विराम लग गया है। सरकार के आदेश के अनुसार इस अवधि में विभागीय स्तर पर तबादले किए जा सकेंगे। तबादलों में एकल महिला, विधवा, परित्यक्ता तथा गंभीर बीमारियों से पीड़ित कर्मचारियों को प्राथमिकता दी जाएगी। कैंसर, हृदय रोग, किडनी, फेफड़ों और न्यूरोलॉजिकल बीमारियों से ग्रसित कर्मचारियों के मामलों पर विशेष विचार किया जाएगा। यह आदेश राज्य सरकार के विभागों के साथ-साथ निगमों, बोर्डों और स्वायत्तशासी संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों पर भी लागू होगा। हालांकि सरकार ने शिक्षा अर चिकित्सा विभाग के कुछ संवेदनशील पदों को इस प्रक्रिया से बाहर रखा है। शिक्षा विभाग में कार्यरत तृतीय श्रेणी शिक्षकों (ग्रेड थर्ड टीचर) के तबादले नहीं किए जाएंगे।

---

# सरकार का बड़ा एक्शन, पूर्व एमएनए की बर्खास्तगी व तत्कालीन डीएम पर मेजर पनिशमेंट की संस्तुति



**देहरादून।** हरिद्वार नगर निगम ने गांव सराय में स्थित कूड़ा निस्तारण केंद्र के विस्तार के लिए लगभग 33 बीघा भूमि 54 करोड़ रुपये में खरीदी थी। आरोप है कि इस खरीद में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं बरती गईं।

भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार नगर निगम भूमि खरीद प्रकरण में बड़ी और कड़ी कार्रवाई की है। प्रकरण में तत्कालीन नगर आयुक्त हरिद्वार नगर निगम वरुण चौधरी को तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर की संस्तुति की गई है।

### भ्रष्टाचार के मामलों में समझौता नहीं

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्पष्ट कहा है कि भ्रष्टाचार के मामलों में किसी भी स्तर पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने दोहराया कि शासन-प्रशासन में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनहित सर्वोपरि है तथा दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई जारी रहेगी।

### 10 लोगों पर दर्ज होगा मुकदमा

विजिलेंस की विस्तृत जांच में आपराधिक षड्यंत्र में धोखाधड़ी के माध्यम से भूमि क्रय-विक्रय कर नगर निगम को आर्थिक क्षति पहुंचाने के आरोप प्रथम दृष्टया प्रमाणित पाए गए हैं। मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली राज्य सतर्कता समिति की संस्तुति पर मामले में संलिप्त अधिकारियों, कर्मचारियों तथा भूमि विक्रेताओं के विरुद्ध अभियोग दर्ज किए जाने का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा अनुमोदन किया गया है। जांच में दोषी पाए गए व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता एवं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। अभियोग दर्ज किए जाने वाले व्यक्तियों में तत्कालीन नगर आयुक्त वरुण चौधरी, तत्कालीन सहायक नगर आयुक्त रविन्द्र कुमार दयाल, तत्कालीन कर अधीक्षक लक्ष्मीकान्त भट्ट, तत्कालीन सहायक अभियन्ता एवं प्रभारी अधिशासी अभियन्ता आनन्द सिंह मिश्राण, तत्कालीन सम्पत्ति लिपिक वेदपाल तथा तत्कालीन मानचित्रकार दिनेश काण्डपाल शामिल हैं। इसके अतिरिक्त भूमि विक्रेता एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों में श्रीमती सुमन देवी, जितेन्द्र कुमार, श्री अभिषेक यादव तथा सुजीत कुमार सिंह के विरुद्ध भी अभियोग दर्ज किया जाएगा।

---

# आईएएस आरके सिंह तीन दिन के सीबीआई रिमांड पर निगम फंड गड़बड़ी मामले में हुई है गिरफ्तारी

**चंडीगढ़।** पंचकूला निगम के फंड से जुड़े करोड़ों रुपये के कथित घोटाले और बैंकिंग अनियमितताओं की जांच सीबीआई कर रही है। इस मामले में पहले भी कई दस्तावेजों और वित्तीय रिकॉर्ड की जांच की जा चुकी है। सीबीआई अब रिमांड अवधि के दौरान आरोपी से विस्तृत पूछताछ करेगी। पंचकूला नगर निगम बैंक फ्रॉड मामले में गिरफ्तार आईएएस अधिकारी आरके सिंह को शुक्रवार को सीबीआई की विशेष अदालत में पेश किया गया।



सुनवाई के दौरान सीबीआई ने मामले की गहन जांच के लिए आरोपी का रिमांड मांगा। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरके सिंह को तीन दिन के सीबीआई रिमांड पर भेज दिया। सीबीआई मामले से जुड़े वित्तीय लेनदेन, बैंक खातों और दस्तावेजों की विस्तृत जांच की जानी है। इसके अलावा यह भी पता लगाया जाना है कि कथित गड़बड़ी में अन्य किन-किन लोगों की भूमिका रही है और धन के लेनदेन की पूरी श्रृंखला क्या रही। जांच एजेंसी का मानना है कि आरोपी से पूछताछ के दौरान कई महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आ सकती हैं, जिससे मामले के अन्य पहलुओं का खुलासा होगा।

गौरतलब है कि पंचकूला निगम के फंड से जुड़े करोड़ों रुपये के कथित घोटाले और बैंकिंग अनियमितताओं की जांच सीबीआई कर रही है। इस मामले में पहले भी कई दस्तावेजों और वित्तीय रिकॉर्ड की जांच की जा चुकी है।

---

# सीएम सुक्खू बोले- किशाऊ बांध से हिमाचल को 211 मेगावाट मुफ्त बिजली, 600 करोड़ होगी आय



**शिमला।** सीएम ने कहा कि किशाऊ बांध परियोजना पर हिमाचल प्रदेश के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। इस समझौते के तहत राज्य को 211 मेगावाट मुफ्त बिजली मिलेगी।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को हिमाचल पदेश विश्वविद्यालय में शैक्षणिक खंड और कंप्यूटर आधारित परीक्षा प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में सीएम ने कहा कि किशाऊ बांध परियोजना पर हिमाचल प्रदेश के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। इस समझौते के तहत राज्य को 211 मेगावाट मुफ्त बिजली मिलेगी। इसके साथ ही पांच साल बाद प्रति वर्ष 600 करोड़ रुपये की आय भी होगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने किशाऊ बांध परियोजना पर अपनी सहमति देने से इन्कार कर दिया था। यह बांध यमुना और टोंस नदी पर बन रहा है।

इससे उत्तरी भारत के राज्यों जैसे राजस्थान, दिल्ली और हरियाणा को पानी मिलेगा। मुख्यमंत्री सुक्खू ने स्पष्ट किया कि यदि हिमाचल को मुफ्त बिजली नहीं मिलेगी तो राज्य सहमति नहीं देगा। अब हिमाचल प्रदेश को 211 मेगावाट मुफ्त बिजली मिलेगी। यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। यदि यह परियोजना किसी निजी कंपनी को दी जाती तो केवल 12 फीसदी मुफ्त रॉयल्टी और एक फीसदी लाडा मिलता।

### मुख्यमंत्री ने एचपीयू से ग्रीन हाइड्रोजन क्षेत्र में शोध करने का किया आह्वान

इससे पहले मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (एचपीयू) शिमला में विभिन्न विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास किए। उन्होंने 10.09 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित मल्टी फैकल्टी भवन का उद्घाटन किया। इस भवन में तीन शैक्षणिक मंजिलें, कंप्यूटर कम सीबीटी लैब तथा पार्किंग सुविधा उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित सीबीटी लैब का भी उद्घाटन किया। यह सुविधा शिक्षण क्षमता बढ़ाने और डिजिटल शिक्षा को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री ने 8.25 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले नए अकादमिक ब्लॉक का शिलान्यास भी किया।

---

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति को भेंट की कलमकारी महाभारत पेंटिंग, ब्रिजिट को दी पोचमपल्ली स्टोल

**पेरिस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान वैश्विक नेताओं को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक ज्ञान और स्थानीय शिल्पकला से जुड़े विशेष उपहार भेंट किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने फ्रांस दौरे के दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और उनकी पत्नी ब्रिजिट मैक्रों को भारत की समृद्ध कला और हस्तशिल्प परंपरा से जुड़े विशेष उपहार भेंट किए। इन उपहारों के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विरासत, शिल्पकला और पारंपरिक कौशल को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित किया गया।




कलमकारी महाभारत पेंटिंग भेंट की राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को प्रधानमंत्री मोदी ने आंध्र प्रदेश की प्रसिद्ध हस्तनिर्मित कलमकारी महाभारत पेंटिंग भेंट की। इस कलाकृति को तैयार करने में लगभग छह महीने का समय लगा है। पारंपरिक कलमकारी शैली में बनाई गई यह पेंटिंग महाभारत के विभिन्न प्रसंगों को दशार्ती है, जिसमें धर्म, न्याय, साहस और नैतिक निर्णय जैसे शाश्वत मूल्यों का चित्रण किया गया है।

पेंटिंग का प्रमुख आकर्षण भगवद्गीता का वह संदेश है, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन को कर्तव्य, आत्मसंयम और आंतरिक शक्ति का मार्ग दिखाते हैं। यह कलाकृति केवल एक ऐतिहासिक महाकाव्य का चित्रण नहीं, बल्कि नैतिक नेतृत्व, शांति, ज्ञान और मानवीय गरिमा जैसे सार्वभौमिक मूल्यों का भी प्रतीक है, जो आज के समय में भी पूरी दुनिया के लिए प्रासंगिक हैं। जम्मू-कश्मीर की चिनाब घाटी में तैयार होने वाली रंबन हनी अपनी प्राकृतिक गुणवत्ता और विशिष्ट स्वाद के लिए जानी जाती है। हिमालयी वनस्पतियों और जंगली फूलों के रस से तैयार इस शहद में प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट, एंजाइम और कई जैव-सक्रिय तत्व पाए जाते हैं।

### जी 7 नेताओं को दिए यह गिफ्ट

राजस्थान के नागौर जिले में उगाई जाने वाली नागौरी अश्वगंधा अपनी उच्च गुणवत्ता और अधिक विथेनोलाइड मात्रा के लिए प्रसिद्ध है। शुष्क जलवायु और रेतीली मिट्टी में तैयार होने वाली इस औषधीय जड़ी-बूटी को भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग भी प्राप्त है। आयुर्वेद में इसे ह्यरसायनह्ण औषधि माना जाता है, जो शरीर की ऊर्जा, मानसिक क्षमता, रोग प्रतिरोधक क्षमता और समग्र स्वास्थ्य को बढ़ाने में सहायक मानी जाती है। यह उत्पाद ग्रामीण आजीविका को भी मजबूत करता है और पारंपरिक आयुर्वेदिक ज्ञान को आधुनिक वैज्ञानिक शोध से जोड़ने का प्रतीक है।

### पोचमपल्ली सिल्क स्टोल

वहीं, राष्ट्रपति की पत्नी ब्रिजिट मैक्रों को प्रधानमंत्री मोदी ने तेलंगाना का पोचमपल्ली सिल्क स्टोल उपहार स्वरूप भेंट किया। यह हाथ से बुना गया रेशमी स्टोल पारंपरिक इकत रेजिस्ट-डाइंग तकनीक से तैयार किया जाता है और अपनी आकर्षक ज्यामितीय एवं पुष्पीय डिजाइनों, उत्कृष्ट शिल्पकला और सुरुचिपूर्ण बनावट के लिए प्रसिद्ध है। भारतीय परंपरा और आधुनिक कलात्मकता का सुंदर संगम प्रस्तुत करने वाला यह स्टोल भारत की समृद्ध वस्त्र विरासत का प्रतीक माना जाता है। फैशन, कला और उत्कृष्ट हस्तशिल्प के प्रति फ्रांस की गहरी रुचि को देखते हुए यह उपहार दोनों देशों के सांस्कृतिक संबंधों को भी मजबूत करने वाला माना जा रहा है।

---

# शिनबाम बोलीं- ट्रंप के दावे गलत, फ्रांस में बोले थे यूएस के राष्ट्रपति- मेक्सिको पर ड्रग कार्टेल का राज

**मेक्सिको।** मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे को गलत बताया है जिसमें उन्होंने कहा था कि मेक्सिको को ड्रग गिरोह चला रहा हैं। शिनबाम ने कहा कि ट्रंप के पास पूरी जानकारी नहीं है और उनकी सरकार अपराध नियंत्रण के लिए लगातार काम कर रही है।




मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया दावे को खारिज कर दिया है। जिसमें उन्होंने कहा था कि मेक्सिको को पूरी तरह से ड्रग कार्टेल (नशीली दवाओं के गिरोह) चला रहे हैं। ट्रंप ने जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान शिनबाम को एक बहुत डरी हुई महिला भी कहा था। मेक्सिको सिटी के नेशनल पैलेस में अपनी रोजाना की मीडिया वार्ता में शिनबाम ने ट्रंप की टिप्पणियों पर किसी भी विवाद से बचने की कोशिश की। फ्रांस के इवियन-लेस-बेंस में हुई इस बैठक में ट्रंप ने मेक्सिको की स्थिति पर सवाल उठाए थे। शिनबाम ने इन बातों को खारिज करते हुए कहा कि यह कुछ भी नया नहीं है। उन्होंने कहा कि ट्रंप पहले भी ऐसी बातें कह चुके हैं। उनके अनुसार, ट्रंप के संवाद करने का अपना एक अलग तरीका है और हमें उनके हर बयान को पकड़कर नहीं बैठना चाहिए।

शिनबाम ने जोर देकर कहा कि ट्रंप के पास सही और पूरी जानकारी नहीं है। उन्होंने अपनी सरकार की अपराध विरोधी रणनीति और अपनी सुरक्षा टीम की मेहनत का बचाव किया। राष्ट्रपति ने सरकारी आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि देश में जानबूझकर की जाने वाली हत्याओं और हिंसा के अन्य मामलों में कमी आई है।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे ऐसा कोई भी फैसला नहीं लेंगी जिससे मेक्सिको की आजादी और संप्रभुता को नुकसान पहुंचे। इससे पहले ट्रंप ने अपने भाषण में दावा किया था कि पानी के रास्ते होने वाली नशीली दवाओं की तस्करी में 90 प्रतिशत से ज्यादा की कमी आई है। अब उनका पूरा ध्यान जमीन के रास्ते अमेरिका में घुसने वाली दवाओं पर है।

---

# 'ट्रंप इस्राइल के एकमात्र समर्थक': ईरान-यूएस समझौते की आलोचना पर वेंस की दो-टूक

**अमेरिका।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने अमेरिका-ईरान समझौते की आलोचना करने पर इस्राइल को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप इस्राइल के इकलौते समर्थक हैं। वेंस ने इस्राइली मंत्रियों को अपने इकलौते ताकतवर सहयोगी पर हमला न करने और हकीकत समझने की सलाह दी।



अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने अमेरिका और ईरान के बीच हुए समझौते की आलोचना करने पर इस्राइल को कड़ी चेतावनी दी है। हफ्तों के तनाव के बाद हुए इस समझौते का बचाव करते हुए वेंस ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप इस्राइल के इकलौते सहयोगी हैं। उनकी यह टिप्पणी उन खबरों के बीच आई है जिनमें कहा गया था कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनके साथी इस समझौते से निजी तौर पर नाखुश हैं। यह समझौता ईरान के साथ संघर्ष को खत्म करने के लिए किया गया है।

वेंस ने जोर देकर कहा कि वॉशिंगटन अब भी इस्राइल का सबसे मजबूत और महत्वपूर्ण दोस्त बना हुआ है। व्हाइट हाउस में एक ब्रीफिंग के दौरान उन्होंने उन आलोचकों को जवाब दिया जो कह रहे हैं कि यह समझौता ईरान के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को रोकने में नाकाम रहा है। आलोचकों का यह भी मानना है कि इससे लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ इस्राइल की सैन्य कार्रवाई पर रोक लग सकती है।

नेतन्याहू की नाराजगी की खबरों पर वेंस ने कहा कि उन्होंने सीधे प्रधानमंत्री से ऐसी कोई बात नहीं सुनी है। हालांकि, उन्होंने इस्राइली कैबिनेट के सदस्यों की जमकर आलोचना की। वेंस ने कहा कि उनका संदेश साफ है। पहली बात यह कि पूरी दुनिया में इस समय डोनाल्ड ट्रंप ही एकमात्र ऐसे राष्ट्राध्यक्ष हैं जो इस्राइल के प्रति सहानुभूति रखते हैं। उन्होंने आगे कहा कि अगर वे इस्राइली सरकार की कैबिनेट में होते, तो वे दुनिया के अपने इकलौते ताकतवर सहयोगी पर हमला नहीं करते। उपराष्ट्रपति ने इस्राइल को मिलने वाली अमेरिकी सैन्य मदद का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि इस्राइल की रक्षा करने वाले दो-तिहाई हथियार अमेरिका ने बनाए हैं और इनके लिए अमेरिकी टैक्स के पैसों से भुगतान किया गया है।

रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका वर्तमान में इस्राइल को हर साल लगभग चार अरब डॉलर की सैन्य सहायता देता है। हालांकि, नेतन्याहू के कार्यालय या इस्राइली विदेश मंत्रालय ने अभी तक इन टिप्पणियों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

---

# स्विट्जरलैंड में होने वाली ईरान-यूएस वार्ता टली

**नई दिल्ली।** स्विट्जरलैंड के विदेश मामलों के संघीय विभाग ने एक बयान में कहा, 'अमेरिका, ईरान, कतर और पाकिस्तान के बीच होने वाली वार्ता स्थगित कर दी गई है। स्विट्जरलैंड इन वाताओं में सहयोग देने के लिए तैयार है। बर्गेस्टॉक में संबंधित तैयारी का काम जारी है। फिलहाल और कोई जानकारी नहीं दी जा सकती।' अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता में राजनीतिक ढांचागत समझौते से आगे बढ़कर कार्यान्वयन, सत्यापन और अनुपालन पर विस्तृत बातचीत करने की योजना थी। गुरुवार रात को व्हाइट हाउस ने घोषणा की कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस की ईरान के साथ तकनीकी वार्ता के लिए निर्धारित यात्रा स्थगित कर दी गई है। हालांकि, उसने कहा कि वार्ता की तैयारियां जारी हैं। इसके साथ ही दोनों पक्ष हाल ही में हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन को लागू करने के उद्देश्य से चर्चा के अगले चरण को शुरू करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। व्हाइट हाउस के एक प्रवक्ता ने गुरुवार देर रात कहा, 'जैसा कि उपराष्ट्रपति ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, आगामी तकनीकी वार्ता की योजना को अंतिम रूप नहीं दिया गया है। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल पहले उपलब्ध अवसर पर रवाना होने के लिए तैयार है।'



### 'उपराष्ट्रपति आज रात रवाना नहीं हो रहे'

लेकिन इन वाताओं की व्यवस्था कभी भी सरल या पूवार्नुमानित नहीं रही है। प्रवक्ता ने आगे कहा, 'फिलहाल उपराष्ट्रपति आज रात रवाना नहीं हो रहे हैं।' व्हाइट हाउस ने प्रस्थान का कोई नया कार्यक्रम घोषित नहीं किया, लेकिन कहा कि अधिकारी जल्द ही बातचीत शुरू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रवक्ता ने कहा, 'जैसे ही हमें अगले कदमों के बारे में कोई पुख्ता जानकारी मिलेगी। हम आपको सूचित करेंगे। हम जल्द से जल्द तकनीकी वार्ता शुरू करने के लिए उत्सुक हैं।' इससे पहले गुरुवार को वेंस ने कहा था कि तकनीकी चचाएं कुछ ही दिनों में शुरू होने की उम्मीद है और संभवत यह स्विट्जरलैंड में आयोजित की जाएंगी। व्हाइट हाउस में एक ब्रीफिंग के दौरान उन्होंने पत्रकारों से कहा, 'हमें लगता है।

---

# कांगो में इबोला से अबतक 232 मौतें, सक्रमितों की संख्या 896 पहुंची, युगांडा को UN से मिली $40 लाख की मदद

**किंशासा।** कांगो में इबोला का प्रकोप तेजी से फैल रहा है, जहां अब तक 896 मामले और 232 मौतें दर्ज हुई हैं। वहीं इस बीच संयुक्त राष्ट्र ने युगांडा की मदद के लिए 40 लाख डॉलर दिए हैं। बीमारी को रोकने के लिए बड़े पैमाने पर जांच, निगरानी और राहत कार्य जारी हैं।




डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (उफ्ळ) में इबोला वायरस का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने जानकारी दी है कि देश में इबोला के पुष्ट मामलों की संख्या अब 896 हो गई है। इस खतरनाक बीमारी ने अब तक 232 लोगों की जान ले ली है। स्वास्थ्य मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को इटुरी और नॉर्थ किवू प्रांतों में इबोला के 21 नए मामले सामने आए, जिनमें छह लोगों की मौत हो गई। लगातार बढ रही मरीजों की संख्या यह प्रकोप अब पूर्वी कांगो के तीन प्रांतों- इटुरी, नॉर्थ किवू और साउथ किवू के 33 स्वास्थ्य क्षेत्रों तक फैल चुका है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में 383 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं या उन्हें अलग (आइसोलेशन) रखा गया है। राहत की बात यह है कि 78 मरीज इस बीमारी से पूरी तरह ठीक हो चुके हैं। वहीं 11 ऐसे मरीज भी शामिल हैं जिनकी जांच रिपोर्ट हाल ही में नकारात्मक आई है।

### 6,367 लोगों की हो रही निगरानी

प्रशासन के लिए चिंता की बात यह है कि बुधवार को ही 151 संदिग्ध मामले भी दर्ज किए गए, जिनमें 35 मौतें शामिल हैं। अधिकारी अब उन 6,367 लोगों की कड़ी निगरानी कर रहे हैं जो मरीजों के संपर्क में आए थे। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि पुष्ट मामलों की संख्या हर हफ्ते बढ़ रही है। इसका मतलब है कि समुदाय के स्तर पर संक्रमण अभी भी फैल रहा है। अगर स्वास्थ्य संबंधी उपायों को तुरंत और मजबूती से लागू नहीं किया गया, तो यह बीमारी बहुत जल्द नए इलाकों में भी पहुंच सकती है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, डीआरसी में यह मौजूदा प्रकोप इबोला का 17वां प्रकोप है, जिसे आधिकारिक रूप से 15 मई को घोषित किया गया था। इबोला का इतिहास काफी पुराना है। यह बीमारी पहली बार 1976 में सूडान और कांगो में एक साथ सामने आई थी। कांगो में यह इबोला नदी के पास स्थित एक गांव में फैली थी, जिसके कारण इसका नाम 'इबोला' पड़ा।

### संयुक्त राष्ट्र ने बढ़ाया मदद का हाथ

इस संकट के बीच संयुक्त राष्ट्र ने मदद का हाथ बढ़ाया है। संयुक्त राष्ट्र के आपातकालीन राहत समन्वयक टॉम फ्लेचर ने युगांडा में इबोला से निपटने के लिए 40 लाख अमेरिकी डॉलर की राशि मंजूर की है। यह पैसा संयुक्त राष्ट्र के केंद्रीय आपातकालीन प्रतिक्रिया कोष (उएफ्क्र) से दिया गया है। अलग-अलग अंतरराष्ट्रीय संगठन जैसे यूनिसेफ और विश्व खाद्य कार्यक्रम इस काम में सहयोग कर रहे हैं। विश्व खाद्य कार्यक्रम ने मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों के लिए 6,000 से अधिक भोजन के पैकेट उपलब्ध कराए हैं।

20 June -26 page 8 19-06-2026 10:56 PM Page 1








# नमस्कार महामंत्र की गूंज से आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हुआ शाहदरा

## मंत्राधिराज नमस्कार महामंत्र अनुष्ठान में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब | विश्व शांति और मानव कल्याण के लिए हुई सामूहिक साधना







**नई दिल्ली, करंट क्राइम।** जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, दिल्ली एवं आचार्यश्री महाश्रमण प्रवास व्यवस्था समिति, दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में शाहदरा स्थित मैसिना बैंक्वेट हॉल, सी.बी.डी. ग्राउंड में आयोजित ह्यमंत्राधिराज नमस्कार महामंत्र अनुष्ठान, श्रद्धा, साधना और आध्यात्मिक चेतना का विराट संगम बन गया। युगप्रधान आचार्य महाश्रमण के सुशिष्य मुनिश्री जय कुमार (ठाणा-3) के पावन सान्निध्य में आयोजित इस भव्य आयोजन में दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर धर्म, ध्यान और आत्मकल्याण की भावना को सशक्त किया।

प्रातः 8:51 बजे शुभारंभ हुए इस विशेष अनुष्ठान में श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से नमस्कार महामंत्र का जाप, ध्यान एवं साधना कर विश्व शांति, सामाजिक सद्भाव और मानव कल्याण की मंगलकामना की। मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो उठा। अनुशासन, एकाग्रता और भक्तिभाव का ऐसा अद्भुत दृश्य उपस्थित हुआ जिसने सभी को भावविभोर कर दिया। समारोह में मुख्य अतिथि जीतमल जैन चौरड़िया तथा जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा, दिल्ली के अध्यक्ष बिमल कुमार बेंगानी सहित अनेक गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों एवं तेरापंथ समाज के पदाधिकारियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। महिला मंडल, युवक परिषद एवं समाज के विभिन्न संगठनों की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की। प्रचार-प्रसार प्रभारी हरीश जैन ने बताया कि सामूहिक मंत्राधिराज नमस्कार महामंत्र अनुष्ठान का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक जागरण, नैतिक मूल्यों, आपसी सौहार्द और विश्व बंधुत्व की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन ने लोगों के भीतर सकारात्मक सोच और आध्यात्मिक चेतना का संचार किया है।

कार्यक्रम का संचालन महामंत्री प्रदीप संचेती ने किया, जबकि पांची भंसाली ने सभी अतिथियों, सहयोगी संस्थाओं एवं श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजन की सफलता में संयोजक पांची भंसाली तथा सह-संयोजक विकास चोरड़िया एवं क्रांति बरड़िया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### प्लास्टिक मुक्त आयोजन बना आकर्षण

**करंट क्राइम।** आध्यात्मिक चेतना के साथ-साथ कार्यक्रम ने पर्यावरण संरक्षण का भी प्रभावी संदेश दिया। आयोजन में प्लास्टिक ग्लास के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रखा गया तथा श्रद्धालुओं से प्लास्टिक मुक्त आयोजन में सहयोग की अपील की गई। इस पहल के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और सतत जीवनशैली का संदेश भी समाज तक पहुंचाया गया।

### नमस्कार महामंत्रः गुणों को नमन का संदेश

**करंट क्राइम।** जैन धर्म में नमस्कार महामंत्र को मंत्राधिराज कहा जाता है। यह किसी व्यक्ति विशेष नहीं बल्कि श्रेष्ठ गुणों को नमन करने का संदेश देता है। माना जाता है कि इसके जाप से मन में शांति, आत्मबल और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। विश्व शांति और मानव कल्याण की भावना को समर्पित यह मंत्र जैन परंपरा की सबसे महत्वपूर्ण आध्यात्मिक साधनाओं में शामिल है।

# पीएम सूर्य घर योजना से ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा भारत : अजीत पाल त्यागी








**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकास भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत शुक्रवार को पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना पर विशेष गोष्ठी आयोजित की गई।

कार्यक्रम में विधायक अजीत पाल त्यागी एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए, अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम), परियोजना अधिकारी नेडा, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

कार्यक्रम में नेडा के परियोजना अधिकारी ने योजना की जानकारी देते हुए सौर रूफटॉप संयंत्रों पर मिलने वाली सब्सिडी, आवेदन प्रक्रिया और ऊर्जा बचत के लाभ बताए। एलडीएम ने योजना के अंतर्गत उपलब्ध बैंक ऋण सुविधाओं की जानकारी दी। वहीं दिव्या पावर, धरती सोलर, केएसएन सोलर, वीवोल्ट, ओन नेटवर्क सहित विभिन्न वेंडर्स ने स्टॉल लगाकर लोगों को सौर ऊर्जा से संबंधित तकनीकी जानकारी प्रदान की।

विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश विकास, सुशासन एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने सौर ऊर्जा, बेहतर बिजली व्यवस्था, मजबूत कानून-व्यवस्था, औद्योगिक विकास और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की सरकारी नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि इनसे आम जनता को सीधा लाभ मिल रहा है। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने लोगों से पीएम सूर्य घर योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में परियोजना निदेशक डीआरडीए ने सभी अतिथियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, वेंडर्स एवं उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

# निबंधन विभाग के निजीकरण के विरोध में उतरी सपा अधिवक्ताओं के आंदोलन को दिया समर्थन

## फैसल हुसैन और वीरेंद्र यादव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा समर्थन पत्र





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** निबंधन विभाग के कार्यों के निजीकरण तथा दस्तावेजों के पंजीकरण एवं निष्पादन का काम निजी एजेंसियों को सौंपे जाने के विरोध में चल रहे अधिवक्ताओं, बैनामा लेखकों और सहायकों के आंदोलन को समाजवादी पार्टी ने अपना समर्थन दिया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट और महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट के नेतृत्व में गाजियाबाद तहसील पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा और सचिव दीपक वार्ष्णेय को समर्थन पत्र सौंपते हुए आंदोलन के प्रति एकजुटता व्यक्त की। फैसल हुसैन ने कहा कि भाजपा सरकार की निजीकरण नीति अधिवक्ताओं और बैनामा लेखकों के रोजगार पर सीधा प्रहार है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लगभग 45 जिलों में चल रहा आंदोलन सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ बढ़ते असंतोष को दशार्ता है। वीरेंद्र यादव ने कहा कि सरकार को अधिवक्ताओं और बैनामा लेखकों के प्रतिनिधियों से तत्काल वार्ता कर विवाद का समाधान निकालना चाहिए। उन्होंने मांग की कि निजीकरण का फैसला वापस लेकर लाखों लोगों के रोजगार और आम जनता के हितों की रक्षा की जाए। समाजवादी पार्टी नेताओं ने कहा कि पार्टी अधिवक्ताओं, बैनामा लेखकों और आम जनता के अधिकारों की लड़ाई में उनके साथ खड़ी है तथा आंदोलन को पूरा समर्थन देती रहेगी।

### अभिषेक गर्ग ने बताया लोकतंत्र और रोजगार दोनों पर चोट

**करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी अभिषेक गर्ग ने कहा कि निबंधन विभाग के कार्यों का निजीकरण केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि हजारों अधिवक्ताओं, बैनामा लेखकों और उनके परिवारों की आजीविका से जुड़ा मुद्दा है। उन्होंने कहा कि सरकार को किसी भी निर्णय से पहले संबंधित पक्षों से संवाद करना चाहिए था। अभिषेक गर्ग ने आंदोलनरत अधिवक्ताओं और बैनामा लेखकों की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी उनके साथ मजबूती से खड़ी है और रोजगार प्रभावित करने वाले किसी भी फैसले का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करती रहेगी।

# 15 अगस्त तक गाजियाबाद में बनेंगे वैश्य महासम्मेलन के 15 मंडल : अनिल अग्रवाल सांवरिया

## संगठन विस्तार को लेकर बड़ा फैसला, वैश्य समाज को जोड़ने पर जोर



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** अन्तरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन (आईवीएफ) ने गाज़ियाबाद में संगठन के व्यापक विस्तार का निर्णय लिया है। संगठन के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल के गाज़ियाबाद आगमन पर आयोजित विचार-विमर्श बैठक में मेरठ मंडल प्रभारी एवं जिलाध्यक्ष अनिल अग्रवाल सांवरिया के सुझाव पर संगठन को बूथ और मंडल स्तर तक मजबूत करने की रूपरेखा तैयार की गई। अनिल अग्रवाल सांवरिया ने बताया कि गाज़ियाबाद महानगर में वैश्य समाज को संगठित एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों में मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की जाएगी। इसके तहत राजनगर, कविनगर, शालीमार गार्डन, लाजपत नगर, बृजविहार, वैशाली, इंदिरापुरम, अर्थला-मोहन नगर, नंदग्राम, क्रॉसिंग रिपब्लिक, प्रताप विहार, विजयनगर, शहर, गोविंदनगर सहित कुल 15 मंडलों का गठन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि संगठन विस्तार की यह प्रक्रिया 15 अगस्त तक पूरी कर ली जाएगी। इसके साथ ही जिला स्तर पर मुख्य इकाई, महिला इकाई और युवा इकाई में भी आवश्यक बदलाव किए जाएंगे, ताकि संगठन की कार्यक्षमता और जनसंपर्क क्षमता को बढ़ाया जा सके। अनिल अग्रवाल सांवरिया ने कहा कि संगठन का उद्देश्य वैश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को एक मंच पर लाना और सामाजिक, आर्थिक व सांस्कृतिक हितों की रक्षा के लिए मजबूत नेतृत्व उपलब्ध कराना है। उन्होंने विश्वास जताया कि मंडलों के गठन से समाज की एकजुटता और प्रभाव दोनों में वृद्धि होगी।

### 15 मंडलों में होगा संगठन विस्तार

**करंट क्राइम।** राजनगर, कविनगर, शालीमार गार्डन, लाजपत नगर, बृजविहार, वैशाली, इंदिरापुरम, अर्थला-मोहन नगर, नंदग्राम, क्रॉसिंग रिपब्लिक, प्रताप विहार, विजयनगर, शहर और गोविंदनगर समेत कुल 15 मंडलों का गठन 15 अगस्त तक किया जाएगा।

# जान के खतरे का हवाला, भाजपा नेता रिजवान खान मीर ने मांगा सरकारी गनर

## पुलिस कमिश्नर को प्रार्थना पत्र देकर 24 घंटे सुरक्षा उपलब्ध कराने की उठाई मांग



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा पश्चिम उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष रिजवान खान मीर ने अपनी सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन के समक्ष औपचारिक मांग रखी है। उन्होंने पुलिस आयुक्त गाज़ियाबाद को प्रार्थना पत्र सौंपकर शासकीय व्यय पर 24 घंटे सुरक्षा एवं सशस्त्र गनर उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। रिजवान खान मीर ने अपने पत्र में दावा किया है कि 26 मार्च 2023 को उन पर साहिबाबाद क्षेत्र में सुनियोजित तरीके से जानलेवा हमला किया गया था।

इस मामले में थाना साहिबाबाद में मुकदमा दर्ज हुआ था और प्रकरण वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है। उन्होंने कहा कि मामले से जुड़े कुछ आरोपित जमानत पर बाहर हैं और उनके द्वारा लगातार दबाव बनाने तथा धमकी देने का प्रयास किया जा रहा है। प्रार्थना पत्र में रिजवान खान मीर ने आरोप लगाया कि कुछ असामाजिक एवं आपराधिक तत्व उनकी सामाजिक और सार्वजनिक गतिविधियों से असहज हैं।

उन्होंने कहा कि वह विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं जनहित कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाते हैं, जिसके कारण उनकी सुरक्षा को लेकर खतरा बना हुआ है। पत्र में वर्ष 2012 में हुए एक अन्य हमले का भी उल्लेख किया गया है। उन्होंने कहा कि अतीत में उन पर कई बार हमले हो चुके हैं और मौजूदा परिस्थितियों में भी खतरे की आशंका बनी हुई है। इसी कारण उन्होंने स्वयं तथा अपने परिवार की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन से विशेष सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग की है।

रिजवान खान मीर ने कहा कि वह कानून और न्याय व्यवस्था में पूर्ण विश्वास रखते हैं तथा उनकी मांग केवल सुरक्षा के दृष्टिकोण से की गई है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से अनुरोध किया है कि उपलब्ध तथ्यों और खतरे के आकलन के आधार पर उन्हें सुरक्षा प्रदान करने पर विचार किया जाए। अब यह मामला पुलिस प्रशासन के समक्ष है और सुरक्षा संबंधी मांग पर संबंधित स्तर पर परीक्षण के बाद निर्णय लिया जाएगा।

# उठते सवालों का करंट




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** गागर में सागर भरने वाले नागर जी ने वेदान्ता वाले कार्यक्रम की दिलाई याद? बोले आपने देखा था उस वक्त चौपड़ा जी कितनी हमसे मोहब्बत दिखा रहे थे बेहिसाब? मगर आप करो सिल्वर स्पून में इनके अंदाज नोट? ये आये हैं योद्धा के साथ और हमें दिया है इन्होंने कैसा सुस्त सा पोज? चेहरे देखकर जो करे प्यार? हम आपसे फिर कह रहे हैं ऐसी मोहब्बत हमको नही है स्वीकार? जैसा वेदान्ता में किया था? वैसा अंदाज उनके सामने भी दिखाना चाहिए था यार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इन दिनों काफी फ्रंट फुट पर खेल रहा है भगवागढ़ का ये ओबीसी बंदा? सामने इनके एक महानमंत्री बैठे थे? उसको देखकर ये बोले, दूसरों के कंधे तलाशता है अपनी बात रखने के लिए ये बंदा? आप कभी भी देखना इनके अंदाज? ये शब्दों से निकालेंगे सिर्फ एक दो लोगों के बीच ही अपनी भड़ास? सामने वाले का कंधा ये रहते हैं तलाश? हम तो समझ गये हैं अब इनका अंदाज? इसलिए इनके अब चढ़ाये में हम नहीं आते हैं जनाब?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मुरादनगर क्षेत्र के गोविन्दपुरम इलाके में एक साथ लगी 6 दुकानों में आग? मगर हमने देखा यहां पर टिकट मांगने वाले गायब रहे साहब? कांग्रेस और सपा की क्या करें बात? यहां तो भाजपा के दावेदार भी गायब रहे साहब? हमें तो बस यहां पर सपा की ओर से अभिषेक गर्ग का चेहरा देखकर हुआ गर्व? हकीकत में वही नेता कहलाता है जिसे पड़ता है ऐसी घटनाओं से फर्क? देखना अब ये है कि कितने दावेदार देंगे अपने दीदार? जो संकट में खड़ा नहीं नजर आये? उसको नहीं टिकट मांगने का अधिकार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** लगातार युवा चोटी वाले त्यागी जी के अंदाज होते जा रहे है न्यारे? पता चला है उन्होंने अब तक पुतवा दी हैं मुरादनगर एरिया में अपने नाम की 188 दीवारें? सुना है अभी उनके जज्बे की स्याही नहीं हुई है कम? महिने भर में 500 दीवारें पुतवा देंगे वो सनम? पहली योजना पर वो कर रहे हैं देहात में काम? कहने वाले ने कहा कि जो राजनीति में एक्टिव रहता है? उसका बड़ा होने लगता है नाम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इन दिनों एक विधायक जी के चेहरे पर आपको दिखाई देगी गजब की रौनक? सुना है इनको ऊपर से आ गया है मजबूत पैगाम? बताने वाले ने बता दिया है किसी का कटे, लेकिन आपका नहीं कटेगा टिकट? बहुत ही सुरक्षित सूची में है आपका नाम? सुना है जब से विधायक जी को मिला है ये संदेश? तब से काफी तरोताजा सा है उनका फेस? इसका मतलब अब रहना है दो ही सीटों पर क्लेश?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भले ही ककक... करन को नहीं मिल रहा है संगठन की नगरी से भाव खास? मगर हम देख रहे हैं पूर्व वाले प्रभारी मंत्री जी का उन पर है पूरा आशीर्वाद? हमने देखा गोपाल जी के कार्यक्रम में मीडिया वाले शर्मा आये थे मंत्री जी के ही साथ? चेहरे की ताजगी करा रही थी इस बात का बखूबी एहसास? कहने वाले ने कहा जब बड़ा आशीर्वाद प्राप्त हो श्रीमान? तो फिर कहां जाता है किसी और बात पर ध्यान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** रूद्र सा प्रताप रखने वाले त्यागी जी ने देना शुरू कर दिया है आम का पैगाम? सुना है उन्होंने फिर कस ली है कमर? मुराद पूरी करने के नाम? कहने वाले ने कहा उन्होंने दिये गोयल साहब के यहां पर दीदार? वहां पर सिरोही जी ने दिया उनको गुरू जी की तरह विचार? बोले राजनीति में करते रहो काम? कभी भी आ सकता है टिकट आपके नाम? उन्होंने अपने साथ दिये कई उदाहरण? मगर भगवा प्रताप जी के पास भी थे बहुत सारे दर्द-ए-दिल के कारण?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नोएडा वाले संगठन के नागर ने जब गाजियाबाद के गागर में सागर भरने वाले नागर को टटोला? जानना चाहा कितने पदों से भरा हुआ है उनका झोला? सुन कर ये बात गाजियाबाद के नागर ने दिया स्पष्ट जवाब? कहा अब हमारा नहीं बचा है राजनीति में रोला? उड़ गया है अब हमारा उड़न खटोला? करने वालों ने कर दिया है हमारा हिसाब? मगर हम भी गागर में सागर भरके चलते हैं? हमें हर किसी की मोहब्बत है ठीक से याद?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मिस्टर नागर और मिस्टर रेड फेस मैन एक कार्यक्रम में बैठे थे साथ-साथ? इन दोनों को साथ देखकर गाजियाबाद की पृथ्वी पर मजबूत पहचान रखने वाले काफी हैरान हुए सिंह साहब? उन्होंने दोनों से कहा कि अब पहले जैसी दिखाई नहीं देती है आप दोनों में बात? आखिर कैसे बदल गये ये संबंधों के हालात? सुना है इससे पहले बिगड़ता करंट क्राइम की वजह से केस? बीच में आ गये अपनी बात लेकर मिस्टर रेड फेस? बोले हमारा तो पहले से मजबूत हुआ है भाई साहब संबंधों का बेस?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इसमें कोई शक नहीं कि गर्ग साहब के खिलाफ बनाने वाले बना रहे हैं सोची समझी रणनीति के तहत माहौल? राजनीति का स्तर इतना नीचे आ जायेगा? ऐसा नहीं सोचा था यार? इस सबको लेकर जानने वाले ने जानने चाहे गर्ग साहब के कट्टर समर्थक पहलवान के विचार? पहलवान ने कहा ये सब दिया जा रहा है हाथी वाली मैडम के इशारों पर अंजाम? 40 जगह से दर्ज कराई है इस चेहरे पर एफआईआर? जिसने बदनाम करने के लिए दिया है ऐसी गतिविधि को अंजाम?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# सुख भौतिक वस्तुओं में नहीं, बल्कि अंतर्मन की संतुष्टि में है : आचार्य मनीष पंडित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आचार्य मनीष पंडित अध्यक्ष हिंडन मोक्ष धाम ने कहा कि आध्यात्मिक विचारधारा मानव जीवन का वह दर्शन है जो हमें भौतिकता से ऊपर उठाकर आत्मा और परमात्मा के संबंध को समझाता है। यह विचारधारा सिखाती है कि हम केवल शरीर नहीं, एक अमर आत्मा हैं। शरीर नश्वर है, पर आत्मा शाश्वत है। जब इंसान इस सत्य को समझ लेता है, तो उसका अहंकार, लोभ और घृणा समाप्त हो जाती है। आध्यात्मिकता हमें सिखाती है कि सेवा ही सच्ची पूजा है। वसुधैव कुटुम्बकम का भाव इसी से उपजता है। जब हम हर प्राणी में परमात्मा का अंश देखते हैं, तो भेदभाव मिट जाता है और करुणा का भाव जागता है। आध्यात्मिक व्यक्ति संकट में भी धैर्य नहीं खोता, क्योंकि उसका विश्वास ईश्वर की लीला पर अडिग रहता है।



आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव, अवसाद और अशांति बढ़ रही है। आध्यात्मिक विचारधारा ध्यान, प्रार्थना और सत्संग के माध्यम से मन को शांति देती है। यह हमें सिखाती है कि सुख बाहर की वस्तुओं में नहीं, बल्कि अंदर की संतुष्टि में है।

अंततः आध्यात्मिकता हमें जोड़ती है, तोड़ती नहीं। यह धर्म, जाति और भाषा से ऊपर उठकर पूरे विश्व को एक परिवार मानने की प्रेरणा देती है। यही भारत की सनातन संस्कृति की आत्मा भी है।

# कौशांबी में मुख्य द्वार का नामकरण 'हनुमान द्वार', थानाध्यक्ष ने किया शुभारंभ



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कौशांबी स्थित पैसिफिक मॉल के सामने पुलिस चौकी के पास बने मुख्य द्वार का नाम पप्पू चौपाल एवं कौशांबी के समस्त नागरिकों द्वारा 'हनुमान द्वार' रखा गया। सोमवार को कौशांबी थाने के प्रभारी अजय शर्मा ने नारियल फोड़कर हनुमान द्वार का विधिवत शुभारंभ किया।

पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल ने बताया कि काफी समय से पप्पू चौपाल व क्षेत्रीय लोग इस एंट्री का नाम हनुमान द्वार रखने की मांग कर रहे थे। उन्होंने इस कार्य का बीड़ा उठाने के लिए पवन गुप्ता व उनकी टीम का धन्यवाद किया। शुभारंभ के अवसर पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया और प्रसाद वितरण हुआ। द्वार के नामकरण से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। इस अवसर पर राकेश जाखेतिया, समाजसेवी सुनील गांधी, जयपुरिया के महासचिव पवन गुप्ता, करवा के महासचिव विनय महेश्वरी, प्लॉट एरिया की महासचिव उर्मिला अरोड़ा, भाजपा नेता अवधेश कटिहार, मनीष जैन, गौरव वर्मा, कमल गुप्ता, प्रेम प्रकाश गौगिया, रविंद्र नागर आदि लोग उपस्थित रहे।

# ऑनलाइन बेटिंग ऐप से करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार



**नोएडा (करंट क्राइम)।** थाना सेक्टर-113 पुलिस ने ऑनलाइन बेटिंग ऐप के माध्यम से लोगों को ठगी का शिकार बनाने वाले एक संगठित गिरोह का पदार्फाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बैंकिंग दस्तावेज और फर्जीवाड़े में इस्तेमाल होने वाली सामग्री बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, लोकल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की सहायता से शुक्रवार को सेक्टर-122 स्थित फ्लैट संख्या डी-44 पर छापेमारी कर प्रमांशु कुमार, प्रदीप सिंह और कुलदीप सिंह को गिरफ्तार किया गया।

# केक काटने के बाद वृद्ध आश्रम में फल वितरण कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी का जन्मदिन गाजियाबाद में धूमधाम से मनाया गया। जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से आयोजित जन्मदिन समारोह में कांग्रेस कार्यकताओं ने राहुल गांधी के जन्मदिन पर केक काटा और एक दूसरे को बधाई दी। जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा की अध्यक्षता मैं आयोजित समारोह में कार्यकताओं ने राहुल गांधी की दीघार्यु होने की कामना की। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर गाजियाबाद जिला कार्यालय के अलावा अन्य विधानसभा में भी केक काटा गया।

इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकताओं ने आतिशबाजी भी की। इसके उपरांत बाहर चौराहे पर जरूरतमंद एवं गरीब लोगों के बीच फल एवं कोल्ड ड्रिंक का वितरण किया गया। कांग्रेसजनों का प्रतिनिधिमंडल दुहाई स्थित वृद्ध आश्रम पहुँचा, जहां आश्रम में निवास कर रहे बुजुर्गों को फल, कोल्ड ड्रिंक एवं वस्त्र वितरित किए गए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव सेवा, करुणा एवं मानवता के मूल्यों में विश्वास रखती है तथा राहुल गांधी जी के जन्मदिवस को जनसेवा के रूप में मनाना इसी भावना का प्रतीक है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने राहुल गांधी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ एवं सफल जीवन की कामना की। समाज के जरूरतमंद वर्ग की सेवा के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। इस मौके पर सतीश त्यागी वरिष्ठ कांग्रेस, पूर्व महानगर अध्यक्ष लोकेश चौधरी, सुनील चौधरी, नवीन शर्मा, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष डोली त्यागी, एससी एसटी के जिला अध्यक्ष अरविंद गौतम, जिला उपाध्यक्ष नीरज प्रजापति, आशीष शर्मा, सुरेंद्र शर्मा हाजी खुर्शीद अली, जयवीर सिंह, राजेश गुप्ता, राजकुमार शर्मा जिला महामंत्री रिजवान मलिक रूबी मलिक हरेंद्र बाबा बिजेंद्र शर्मा रियाज सैफी विनोद धाम हरपाल सिंह उदय सिंह पाल सुनील सिंह सविता जायसवाल सविता गौतम तथा जिला सचिव जितेंद्र शर्मा राबिया अंसारी आशीष त्यागी जिला महासचिव विश्व दीप त्यागी विपिन गुर्जर राजीव शर्मा लक्ष्मण जाटव बी डी दुबे महफूज अली किरण जाटव अनवर कुरैशी श्याम पोरवाल राजपाल आशीष शर्मा नंदकिशोर शर्मा राजू शर्मा चतु जाटव सुरेश शर्मा दौसा सीमा शर्मा पूर्व पार्षद प्रेम प्रकाश चीनी आशुतोष गुप्ता मीडिया प्रभारी एसपी त्यागी सीताराम प्रजापति बाबूराम आर्य चतरे जाटव आचार्य विकास कुमार की ईजादू बरामदा दुबे नंदकिशोर शर्मा मामराज प्रधान राजीव शर्मा नीरज प्रजापति महेश चंद उदय सिंह पाल लोकेंद्र विश्वकर्मा शिव कुमार रिजवान साहू भाई राजपाल फिजोटी आमिर भाई सुनीता सिंह विपिन गुर्जर ब्रजकांत महेश चंद आदि सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।